## गुस्ताखी माफ



किसी दूसरे पर नहीं, नेता करें यकीन।
अपनों से खिंचवा रहे, स्वयं बनाकर सीन।
स्वयं बनाकर सीन, खिंचाई फोटू आला।
खुद ही इंटरनेट, मीडिया फिर डाला।
कह साहिल कविराय, और सब छकें समोसा।
करते स्वयं प्रचार, किसी पर नहीं भरोसा।

- डॉ. राजेन्द्र साहिल

RNI NO PUNBIL/2014/59416

UTURNTIME.COM

# यूटर्न टाइम

The Good, Bad and Ugly of India

FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS




VOL: 10 | ISSUE 359 | MONDAY 05-01-2026 | RS 3 | PAGE-8 | PUBLISHED BY: LUDHIANA | HINDI DAILY NEWSPAPER Visit at : www.uturntime.com


# 40 लाख की आबादी वाले शहर में निगम के पास पार्किंग ठेकों के लिए सिर्फ एक ही ठेकेदार, इत्तेफाक या साजिश?

## लोकल बॉडी ट्रांसपेरेंसी एक्ट लॉ मुताबिक 25 प्रतिशत तक बढ़ सकता टेंडर, फिर 2 साल से कैसे हो रहा एक्सटेंड


लुधियाना/यूटर्न/4 जनवरी। 40 लाख की आबादी वाले लुधियाना में नगर निगम के पास ज्यादातर पार्किंग साइटों के लिए सिर्फ एक ही ठेकेदार है। अब इसे इत्तेफाक कहें या साजिश, यह चर्चा का विषय है। इस बात को लेकर चचाएं छिड़ गई है कि लुधियाना पंजाब की आर्थिक राजधानी है। कहा जाता है कि सबसे ज्यादा पैसा भी लुधियानवियों के पास है। लेकिन फिर भी निगम को कोई और ठेकेदार नहीं मिल पाता। चर्चा है कि आखिर शहर की प्रमुख पाकिंर्गो के ठेके सिर्फ एल.आर.वाई. कंपनी के ठेकेदार राजू पास ही क्यों हैं। क्या निगम के अधिकारी साजिश के तहत यह सब कुछ कर रहे हैं या किस्मत से एक ही कंपनी के पास टेंडर जा रहा है। चर्चा तो यह भी है कि ठेकेदार राजू की निगम में इतनी मनोपली है कि फिरोजगांधी मार्केट पार्किंग साइट का निगम अधिकारी चाहकर भी दो साल से टेंडर नहीं लगा सके हैं। लगातार उसे एक्सटेंड किया जा रहा है, जो कि पूरे तरीके से अवैध है। वहीं, देखें तो शहर में और भी कई बड़े ठेकेदार मौजूद है, जो पार्किंग साइटों के लिए बनती फीस अदा कर सकते हैं। लेकिन फिर भी उन्हें पार्किंग का ठेका नहीं मिलता।



फुटपाथ पर खड़े वाहन

### एफएंडसीसी मीटिंग में हो चुका फाइनल





वहीं बता दें कि मेयर प्रिंसिपल इंद्रजीत कौर द्वारा 15 दिन पहले एक हफ्ते में सभी पार्किंग साइटों के टेंडर लगने के दावे किए थे। वहीं कमिश्नर आदित्य डेचलवाल, सीनियर डिप्टी मेयर राकेश पराशर और डिप्टी मेयर प्रिंस जौहर ने जल्द टेंडर लगने के दावे किए थे। लेकिन इतना लंबा समय बीतने पर भी टेंडर नहीं लगे। हालांकि नवंबर महीने में हुई एफएंडसीसी की मीटिंग में आपसी सहमति से टेंडर लगाने के मामले पर मोहर लगाई थी। लेकिन 2 महीने बीतने पर भी टेंडर नहीं लगे, जबकि एक्सटेंड झटपट हो जाता है।

### पहल के आधार पर लिया जाएगा एक्शन



वहीं हल्का वेस्ट से जीतकर मंत्री बने संजीव अरोड़ा का कहना है कि मामला पहले उनके ध्यान में नहीं था। मामला अब ध्यान में आया है। इसमें जांच करवाई जाएगी। टेंडर जल्द करवाए जाएंगे और वाजिब पार्किंग चार्ज रखे जाएंगे। जनता से धक्केशाही नहीं होने दी जाएगी।

### जुगनू इंजीनियर्स के ठेके दौरान बीच दिए थे फुटपाथ



वहीं इस टेंडर खेल संबंधी जब ठेकेदार राजू से संपर्क किया तो उनका मैनेजर बताने वाले सनी ने फोन उठाया। मैनेजर सनी ने कहा कि फिरोजगांधी मार्केट में पहले ठेका निगम और फिर जुगनू इंजीनियर्स के पास था। जुगनू इंजीनियर्स के पार्टनर्स द्वारा चलते ठेके के बीच शर्तों को बदलकर फुटपाथ बीच में जुड़वाए थे। तब भी फुटपाथ पर वाहन खड़े होते थे और रेहड़ियां लगती थी। हालांकि इस संबंधी जुगनू इंजीनियर्स का ठेका चलाने वाले आप नेता मनीष शाह से संपर्क किया गया, तो उनसे संपर्क नहीं हो सका।

### ठेकेदार भी बातों को उलझाने में जुटे



वहीं फिरोजगांधी मार्केट में फुटपाथ पर गाड़ियां खड़ी करने के मामले में ठेकेदार राजू का कहना है कि निगम ने टेंडर की शर्तों में सड़क की दोनों तरफ पार्किंग लिखी है। वहीं लॉ के मुताबिक फुटपाथ पर पार्किंग हो ही नहीं सकती, निगम अफसर तो दूर की बात है, कोई राज्य सरकार भी इसकी परमिशन नहीं दे सकती। एक्सपर्ट के मुताबिक सड़क की दोनों साइड का मतलब है कि व्हाइट लाइन के अंदर का हिस्सा, न कि फुटपाथ। जिससे पता चलता है कि ठेकेदार जानबूझकर बातों में सभी को उलझा रहे हैं।

### व्हाइट लाइन में रेहड़ियां और फुटपाथ पर खड़ते वाहन

निगम ने टेंडर में ठेकेदार को व्हाइट लाइन में गाड़ियां खड़ी करने की परमिशन दी थी। लेकिन फिरोजगांधी मार्केट में व्हाइट लाइन के अंदर रेहड़ियां खड़ती है, जबकि फुटपाथ पर वाहन खड़ाए जाते हैं। यह भी चर्चा है कि रेहड़ियों से कुछ लोगों द्वारा प्रति महीना अवैध वसूली भी की जाती है। फुटपाथ पर खड़े वाहनों से तो ठेकेदार के कारिंदें ही वसूल कर जाते हैं।



### एक्ट के तहत नहीं बढ़ाया जा सकता टेंडर




वहीं निगम अधिकारी और ठेकेदार राजू द्वारा लगातार दो साल तक टेंडर एक्सटेंड नियमों के तहत करने के दावे किए जाते हैं। लेकिन लोकल बॉडी ट्रांसपेरेंसी एक्ट लॉ देखें तो लोकल बॉडी विभाग के पास एक साल के टेंडर के बाद उसकी अमाउंट और समय सिर्फ 25 प्रतिशत तक बढ़ाने की पावर है। वहीं डायरेक्टर के पास 35 प्रतिशत तक बढ़ाने की पावर होती है। लेकिन हैरानी की बात तो यह है कि फिर भी एक साल का टेंडर पूरा होने के बावजूद एल.आर.वाई. कंपनी को आखिर कैसे दो साल तक बढ़ाया गया।

### राजनीतिक लोग भी अदा कर रहे पूरा रोल

यह भी चचाएं हैं कि निगम के पार्किंग ठेकों में जहां उच्च अधिकारी से लेकर नीचले सत्र के अधिकारी अपने पसंदीदा ठेकेदार को टेंडर दिलाने का तमाम प्रयास करते हैं। वहीं राजनीतिक लोग भी अपना पूरा रोल अदा करके चहेतों को टेंडर दिलाते हैं। शहरवासी भी इस बात की खोज में लगे हैं कि आखिर वह कौन से राजनेता हैं, जो पाकिंर्गो में भी हिस्सेदारी लेते हैं।

### आप सरकार के आते ही बदली किस्मत

वहीं, बात करें कांग्रेस सरकार की तो, कांग्रेस के सत्ता में आने के एक साल बाद एल.आर.वाई. कंपनी को पार्किंग ठेके नहीं मिल पाते थे। लेकिन जैसे ही आप सरकार सत्ता में आई तो कंपनी की किस्मत ही बदल गई। जिसके बाद एल.आर.वाई. कंपनी को एक के बाद एक पार्किंग ठेके तो मिले ही, साथ ही साथ में सड़कें बनाने के ठेके भी धड़ल्ले से मिले। यह ठेके आज भी बरकरार हैं।

### अपने हिसाब से रखवाई जाती हैं टेंडर की शर्तें

वहीं चचाएं हैं कि कुछ ठेकेदारों की निगम अफसरों से इतनी बड़े लेवल पर सेटिंग है कि वह पार्किंग टेंडरों की शर्तें अपने हिसाब से रखवाते हैं। जिसके चलते टेंडर में बीड तो कई ठेकेदार करना चाहते हैं। लेकिन शर्तों के कारण वह पीछे रह जाते हैं। जिसके चलते नतीजाजनक टेंडर चुनिंदा ठेकेदारों को मिल जाता है। यह भी चर्चा है कि फिरोजगांधी मार्केट का ठेका एक साल के लिए दिया गया था और शर्तों में यह भी लिख दिया कि इसे एक साल बाद एक्सटेंड भी किया जाएगा। अब इसे मनमानी शर्तें कहें या और कुछ, यह अब शहरवासी बता सकते हैं।

### शहर से हो रही लूट मुद्दे पर कांग्रेसी शांत क्यों ?

वहीं एक तरफ तो कांग्रेसी नेता ममता आशू, इंद्रजीत सिंह इंदी और सनी भल्ला द्वारा आए दिन आवारा कुत्तों के आतंक, रोज गार्डन घोटाला, तारों के जाल, सफाई न होने जैसे तमामा मुद्दों पर अपनी आवाज बुलंद की जाती है। लेकिन रोजाना हजारों शहरवासियों के साथ पार्किंग के जरिए हो रही लूट मामले में आखिर कांग्रेसी लीडर क्यों शांत रहते हैं। क्या अब मुद्दों में भी पिंक एंज चूज पॉलिसी इस्तेमाल की जा रही है।



### अपनी जेब भरने के लिए निगम अफसरों ने बढ़वाए रेट

वहीं चर्चा है कि निगम अफसरों द्वारा अपनी कमाई करने के चक्कर में लोगों की जेबों पर डाक मरवाया। जिसके चलते उन्होंने टेंडर में पार्किंग के चार्ज के रेट बढ़वाकर लिखवा दिए। जिसके चलते ठेकेदार भी मनमानी वसूली करते हैं। जबकि इससे पहले रेट कम थे। अब टेंडर में रेट लिखे होने के चलते ठेकेदार भी मनमानें चार्ज लगा रहे हैं और रिश्वत तले दबे होने के कारण अफसर कुछ बोलते नहीं।

### ठेकेदार राजू के पास है यह प्रमुख पार्किंग साइट

- बता दें कि ठेकेदार राजू के पास माता रानी चौक स्थित मल्टीस्टोरी पार्किंग, भदौड़ हाउस, फिरोजगांधी मार्केट और ओरिएंट सिनेमा के पास मौजूद आधी पार्किंग का ठेका है। हालांकि इसके अलावा किप्स मार्केट का भी ठेका उसी के पास था। लेकिन मार्केट के दुकानदारों ने उसे जबरन बंद कराया और फिर ओरिएंट सिनेमा के पास मौजूद साइट का आधा ठेका बंद कराया गया था। यानि कि शहर के प्रमुख ठेके सिर्फ एक ही ठेकेदार के पास रहते है और मौजूदा समय में भी चल रहे हैं।

### निगम पर गंभीर आरोप लगाने वाला विपक्ष, आखिर क्यों चुप ?

- वहीं आए दिन विपक्षी पार्टियों कांग्रेस, भाजपा और अकाली दल की और से निगम पर भ्रष्टाचार करने और वॉयलेंशन के आरोप लगाए जाते हैं। लेकिन टेंडरों में हो रहे हेरफेर मामले में वह चुप क्यों हैं। शहर के हर मुद्दे पर दमदारी से बोलने वाले भाजपा नेता गुरदेव शर्मा देबी भी इस मामले में चुप हैं।

### सभी कंपनियां डालती हैं टेंडर

- एल.आर.वाई, कंपनी के ठेकेदार राजू के मैनेजर सनी के मुताबिक हर टेंडर में कई कंपनियां भाग लेती है। पार्किंग साइटों की बोली दौरान एल.आर.वाई. कंपनी के अलावा 4-5 बीडर थे। यह बोली ऑनलाइन होती है। जिसके चलते किसी को भी टेंडर मिल सकता है। इसमें जबरदस्ती टेंडर नहीं लिया जा सकता। फिरोजगांधी मार्केट का एक साल का टेंडर मिला था और एक साल की एक्सडेंट थी। वैसे भी जुगनू इंजीनियर्स के पास जब फिरोजगांधी मार्केट का टेंडर था, तब भी फुटपाथ पर वाहन खड़े होते थे।

Uturn Time 05 Jan 2026_Page 1-4.qxd 04-01-2026 22:19 Page 2



# अफसरशाही पर सरकार भारी: शैरी कलसी की शिकायत पर इंस्पेक्टर सस्पेंड

## बटाला में संदेश साफ– 'अब कुर्सी नहीं, जनता मालिक'



पंजाब/बटाला, यूटर्न, 04 जनवरी । पंजाब में आम आदमी पार्टी सरकार ने अफसरशाही को सीधा संदेश दे दिया है कि अब फाइलें नहीं, फील्ड में काम चलेगा। बटाला से विधायक और आप पंजाब के कार्यकारी प्रधान शैरी कलसी की शिकायत पर नगर निगम के एक इंस्पेक्टर को तत्काल प्रभाव से सस्पेंड कर दिया गया है। यह कार्रवाई केवल एक अधिकारी के खिलाफ कदम नहीं, बल्कि सरकार और अफसरशाही के बीच बदले हुए पावर बैलेंस का ऐलान मानी जा रही है।

शैरी कलसी ने दो टूक कहा कि सरकारी पद अब अधिकार नहीं, जिम्मेदारी है। बटाला ऐतिहासिक और धार्मिक रूप से संवेदनशील शहर है। जब सिख, हिंदू, ईसाई समुदाय अपने धार्मिक आयोजनों में शामिल होते हैं, तब प्रशासन की थोड़ी-सी भी लापरवाही सीधे जनता की सुरक्षा और आस्था पर चोट है, उन्होंने कहा।

आप सरकार ने इस कार्रवाई के जरिये साफ कर दिया है कि अब अफसरशाही का रवैया नहीं चलेगा। जो अधिकारी जमीन पर काम नहीं करेगा, वह कुर्सी पर बैठने का हकदार नहीं होगा। सत्ता के गलियारों में यह संदेश तेजी से फैल रहा है कि राजनीतिक नेतृत्व अब सीधे प्रशासनिक जवाबदेही तय करेगा।

राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार यह कदम आप सरकार के 'जनता पहले' मॉडल को मजबूती देता है, जहां आदेश नहीं, परिणाम मांगे जा रहे हैं। साफ है— अब सरकार जनता के साथ खड़ी है, और अफसरशाही को जवाब देना होगा।

# सांसद रंधावा का रिश्तेदार बना करोड़पति, 1.50 करोड़ की लौटरी जीती; बोले–दुकानदार ने जबरदस्ती दिया था टिकट






पंजाब/यूटर्न/4 जनवरी। पंजाब के गुरदासपुर के सांसद सुखजिंदर सिंह रंधावा के रिश्तेदार संदीप सिंह रंधावा अचानक से करोड़पति बन गए है। उन्होंने 200 रुपए के लॉटरी टिकट से 1.50 करोड़ रुपए का इनाम जीता है। इसकी जानकारी मिलते ही परिवार में खुशी का माहौल है। खास बात ये है कि संदीप सिंह को इस लौटरी का टिकट दुकानदार ने 3 घंटे पहले ही जबरन थमाया था। इसके बाद जब शाम को उन्हें लौटरी में 1.50 करोड़ रुपए का इनाम जीतने के बारे में बताया गया तो वे हैरान रह गए। इसकी जानकारी उन्होंने परिवार को दी तो सभी खुशी से उछल पड़े। सभी ढोल बजवाते हुए तुरंत दुकानदार के पास पहुंचे और लौटरी का टिकट जमा कराया। बता दें कि पांच दिन पहले ही पंजाब के फतेहगढ़ साहिब में किसान बलकार सिंह ने 7 रुपए की लॉटरी से एक करोड़ रुपए का इनाम जीता है। किसान बलकार सिंह ने 24 दिसंबर को सरहिंद के बिट्टू लॉटरी स्टॉल से सिक्किम स्टेट लॉटरी का टिकट खरीदा था।

### दुकानदार ने जबरन दिया टिकट

गुरदासपुर के गांव हरदौबथवाला निवासी संदीप सिंह रंधावा ने बताया कि वह शाम करीब 3-3 :30 बजे बाजार में खरीदारी करने गए थे। बेदी लॉटरी स्टॉल पर पहुंचने पर उसके मालिक मोहन लाल ने उन्हें जबरदस्ती 200 रुपए का पंजाब स्टेट डियर लॉटरी का टिकट दे दिया। इस लॉटरी का परिणाम उसी शाम 6 बजे घोषित होना था। संदीप के मुताबिक, शाम को परिणाम का पता चला कि वे 1.50 करोड़ रुपए के विजेता बन गए हैं। उन्होंने अपने परिवार के साथ बेदी लॉटरी स्टॉल पर जाकर अपना विजयी टिकट जमा करवा दिया।

# पंचकूला पुलिस का अवैध माइनिंग के विरुद्ध सख्त एक्शन: एक ही रात में टिप्पर- पोपलेन व ट्रैक्टर-ट्रॉली समेत 4 वाहन पकड़े






पंचकूला, यूटर्न, 04 जनवरी पंचकूला पुलिस द्वारा जिले में अवैध खनन के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया गया है। एंटी इलीगल माइनिंग टीम, रामगढ़ चौकी और रायपुर रानी थाना पुलिस ने संयुक्त रूप से बीती एक ही रात में अलग-अलग स्थानों पर कार्रवाई करते हुए अवैध माइनिंग में संलिप्त कुल 4 वाहनों को रंगे हाथ पकड़ा है। पकड़े गए वाहनों में 2 ट्रैक्टर-ट्रॉली, 1 टिप्पर और 1 पोपलेन मशीन शामिल है। सभी वाहनों को जब्त कर संबंधित माइनिंग विभाग को नियमानुसार कार्रवाई के लिए सूचित कर दिया गया है।

डीसीपी पंचकूला सृष्टि गुप्ता के अनुसार, आज देर रात करीब 1 बजे पंचकूला पुलिस की एंटी इलीगल माइनिंग टीम ने इंस्पेक्टर मनसा राम की अगुवाई में गश्त के दौरान कालका क्षेत्र में मेहताब नदी के पास चेकिंग की। इस दौरान टीम ने अवैध खनन करते हुए एक टिप्पर और एक पोपलेन मशीन को मौके पर ही पकड़ लिया। दोनों वाहन अवैध रूप से नदी से खनन कार्य में लगे हुए थे। पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए वाहनों को कालका थाना परिसर में खड़ा कराया और माइनिंग विभाग को सूचना देकर आगामी कानूनी प्रक्रिया शुरू करवाई।

इसी क्रम में रामगढ़ चौकी इंचार्ज तजिन्द्र पाल सिंह ने आज सुबह करीब 4 बजे चंडीमंदिर थाना क्षेत्र के गांव श्यामटू के समीप बेसिन नदी में गश्त के दौरान अवैध माइनिंग में लिप्त एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को रंगे हाथ पकड़ लिया। इस कार्रवाई के दौरान एएसआई कृपाल सिंह और मुख्य सिपाही विकास सैनी भी मौके पर मौजूद रहे।

पकड़े गए वाहन को चौकी में खड़ा कर माइनिंग विभाग को सूचित कर दिया गया। इसके अलावा बीती रात करीब 8 बजे रायपुर रानी थाना प्रभारी प्रीतम सिंह की टीम ने भी प्यारेवाला क्षेत्र के पास गश्त के दौरान अवैध खनन सामग्री से भरी एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को जब्त किया। पुलिस टीम द्वारा वाहन को कब्जे में लेकर माइनिंग विभाग को सूचना दी गई, ताकि नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जा सके।

इस संबंध में डीसीपी पंचकूला सृष्टि गुप्ता ने कहा कि पिछले वर्ष की तरह इस वर्ष भी पंचकूला पुलिस अवैध माइनिंग के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम कर रही है। अवैध खनन न केवल पर्यावरण को गंभीर नुकसान पहुंचाता है, बल्कि कानून व्यवस्था और प्राकृतिक संसाधनों के लिए भी बड़ा खतरा है। इसे किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। हमारी एंटी इलीगल माइनिंग टीमें व स्थानीय पुलिस टीम पूरी प्लानिंग के साथ लगातार गश्त कर रही हैं। जिले के सभी एंट्री और एग्जिट प्वाइंट्स पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। जो भी व्यक्ति या माफिया अवैध माइनिंग में संलिप्त पाया जाएगा, उसके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पंचकूला पुलिस आम नागरिकों से भी अपील करती है कि यदि कहीं भी अवैध खनन की सूचना मिले तो तुरंत पुलिस को जानकारी दें।

# चंडीगढ़ में कड़ाके की ठंड: दिनभर छाया रहा कोहरा, सूर्यदेव के दर्शन को तरसे लोग, आगे कैसा रहेगा मौसम



चंडीगढ़, यूटर्न, 04 जनवरी। इन दिनों सिटी ब्यूटीफुल चंडीगढ़ हाड कंपा देने वाली ठंड से गुजर रहा है। शहर में कड़ाके की ठंड का असर रविवार को भी महसूस किया गया। पूरा शहर सुबह से शाम तक कोहरे की चादर में लिपटा रहा। लोग धूप निकलने का इंतजार करते रहे, लेकिन तेज ठंडी हवाओं और गलन भरी ठंड ने आम जनजीवन को प्रभावित किया। मौसम विभाग ने अगले पांच दिन तक ठंड से राहत न मिलने का अनुमान जताया है और ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। आगामी दिनों में अधिकतम तापमान 14-16 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम 5-8 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने की संभावना है। तेज ठंडी हवाओं और कोहरे के चलते ठिठुरन बढ़ने का अंदेशा है।

रविवार को न्यूनतम तापमान 9.2 डिग्री सेल्सियस और अधिकतम 14 डिग्री सेल्सियस तक दर्ज किया गया। निदेशक मौसम विभाग सुरेंद्र पाल के अनुसार, जब दिन-रात का तापमान अंतर केवल 5 डिग्री का होता है, तो ठंड ज्यादा महसूस होती है। ठंड का असर शहर की रौनक पर भी पड़ा। सरकारी कार्यालयों में अवकाश के दिन होने के बावजूद पर्यटन स्थलों पर भीड़ कम रही। सुखना लेक पर बाहरी पर्यटकों ने बोटिंग का आनंद लिया, लेकिन स्थानीय लोगों ने घर में रहना ही बेहतर समझा। बाजारों में भी आम दिनों की तुलना में भीड़ काफी कम रही। मौसम विभाग ने लोगों को ठंड और कोहरे को देखते हुए सतर्क रहने की सलाह दी है। रविवार को सुबह की शुरूआत घनी धुंध के साथ हुई। जैसे ही लोगों की आंख खुली तो पूरा शहर धुंध के आगोश में था। सुबह वाहन चालकों को वाहनों की लाइट्स जलाकर सफर करना पड़ा। वहीं दोपहिया वाहन चालकों को ड्राइविंग के दौरान खासी परेशानी हुई।

# वीडियो कॉल के जरिए दुकानदार को फंसाकर ब्लैकमेल, साइबर क्राइम पुलिस ने दर्ज किया केस



मोहाली, यूटर्न, 04 जनवरी। इंटरनेट मीडिया के जरिए हनीट्रैप और ब्लैकमेलिंग का एक और मामला सामने आया है। सोशल मीडिया पर दोस्ती के बाद वीडियो कॉल के जरिए दुकानदार का अश्लील वीडियो रिकॉर्ड कर उसे पैसों के लिए धमकाया गया। पीड़ित दुकानदार दमनदीप सिंह की शिकायत पर स्टेट साइबर क्राइम पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। दमनदीप सिंह के अनुसार कुछ दिन पहले फेसबुक पर उसकी बातचीत एक युवती से शुरू हुई, जिसने अपना नाम सोनम जोशी बताया। बातचीत बढ़ने पर युवती ने उसका व्हाट्सएप नंबर ले लिया और वहीं संपर्क में रहने लगी।


पीड़ित ने बताया कि एक रात अचानक युवती की ओर से वीडियो कॉल आई। कॉल उठाते ही युवती ने आपत्तिजनक हरकतें शुरू कर दीं और उस पर भी ऐसा करने का दबाव बनाया। दमनदीप के मना करने पर युवती ने जबरदस्ती की कोशिश की, जिसके बाद उसने कॉल काट दी। कुछ देर बाद युवती ने उसे एक वीडियो क्लिप भेजी, जिसमें वीडियो कॉल के दौरान की अश्लील रिकॉर्डिंग थी। इसके बाद युवती ने वीडियो वायरल करने और फोन की पूरी कॉन्टैक्ट लिस्ट में भेजने की धमकी देकर 95 हजार रुपये की मांग की।

डर और बदनामी के भय से दमनदीप ने युवती द्वारा भेजे गए स्कैनर पर 35 हजार रुपये ट्रांसफर कर दिए, लेकिन इसके बावजूद आरोपी ने और पैसों की मांग जारी रखी। लगातार दबाव और मानसिक परेशानियों से तंग आकर दुकानदार ने साइबर क्राइम पुलिस से संपर्क किया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर लिया है और आरोपी की पहचान व पैसों के लेन-देन की जांच की जा रही है। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि सोशल मीडिया पर अनजान लोगों से दोस्ती करते समय सतर्क रहें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तुरंत सूचना पुलिस को दें।



पेज 06 सामाजिक सेवा का महाकुंभ बनेगा 243...

# जानलेवा चाइना डोर पर प्रशासन को होना चाहिए सख्त, लोग भी करें इसका बहिष्कार



शौर्य प्रभाकर



बिंदिया मदान



वरिंदर गागट

दिनेश मौदगिल

लुधियाना, यूटर्न, 4 जनवरी। जानलेवा चाइना डोर को लेकर चाहे पुलिस प्रशासन तरह तरह के दावे करता रहता है फिर भी उनके यह दावे खोखले साबित हो रहे हैं। चाइना डोर के कुछ गट्टू पकड़ कर पुलिस मीडिया में तो दिखा देती है मगर फिर भी चाइना डोर बिक रही है और पुलिस प्रशासन इसको रोकने में असफल साबित हो रहा है। इस जानलेवा डोर से लोगों की जिंदगी को खतरा बना रहता है। बीते दिनों पक्खोवाल रोड़ पर एक स्कूटर सवार युवा की गर्दन पर डोर फिर गई और उसके 13 टांके लगे। चाइना डोर की रोकथाम करने में ना जाने क्यों प्रशासन फेल है। ना जाने कब तक इस खूनी डोर का खेल चलता रहेगा। कभी तो संस्थाएं और लोग चाइना की वस्तुओं का बायकॉट करने का शोर मचाते है फिर चाइना डोर के खिलाफ क्यों नहीं खड़े होते जो लोगों की जान के लिए सरेआम खतरा है।

**बंद क्यों नहीं हो रही, यह सोचने का विषय:** युवा नेता शौर्य प्रभाकर ने इस बारे अपने विचार रखते हुए कहा कि चाइना डोर बारे हम कितने सालों से सुनते आ रहे हैं। यह बंद क्यों नहीं हो रही यह सोचने का विषय है। अगर सरकार और प्रशासन चाहे तो कहीं चाइना डोर दिखी भी ना दे। इसकी कितनी दुकानें हैं, प्रशासन डोर टू डोर सर्च करे। प्रशासन को बातों में नहीं असल में इसके खिलाफ सख्ती करनी चाहिए तो यह डोर बंद हो सकती है।

**बहिष्कार करना चाहिए: समाज सेविका** बिंदिया मदान ने इस बारे में कहा कि इस जानलेवा डोर से आम लोगों की जिंदगी को खतरा होने के साथ साथ पशु पक्षियों की जिंदगी पर भी खतरा मंडराता है। इंसानों के साथ साथ पशु पक्षी भी इसकी चपेट में आते हैं। उन्होंने कहा कि जनता को भी चाहिए कि वह चाइना डोर का बहिष्कार करे।

**युवा वर्ग को भी सहयोग देना होगा:** भारतीय वाल्मीकि धर्म समाज के राष्ट्रीय संयुक्त मंत्री वरिंदर गागट ने कहा कि चाइना डोर पर प्रशासन को पूर्ण प्रतिबंध करना चाहिए। इस खूनी डोर के खिलाफ युवा वर्ग को भी सहयोग करना चाहिए और आम लोगों को भी आगे आकर इसके खिलाफ खड़े होना चाहिए ताकि लोगों की कीमती जिंदगी को इससे राहत मिल सके।

# शादी समारोह में सरेआम आप पार्टी सरपंच के सिर में गोलियां मार किया मर्डर, बाराती बनकर आए थे हमलावर

पंजाब/यूटर्न/4 जनवरी। अमृतसर में आम आदमी पार्टी (आप) के सरपंच की शादी समारोह के बीच ही गोली मारकर हत्या कर दी गई। समारोह के बीच बदमाशों ने पैलेस में आकर अचानक फायरिंग कर दी। सरपंच के सिर पर गोलियां मारी गई। गोली लगते ही सरपंच जरमल सिंह बुरी तरह से घायल हो गए। यह देख उन्हें तुरंत गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया। इसके बाद अस्पताल में इलाज के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। फायरिंग का पता चलते ही पुलिस पैलेस में पहुंची। टीम ने पूरे पैलेस को घेरकर जांच शुरू की और शादी समारोह में आए लोगों से भी पूछताछ की जा रही है। पुलिस को शक है कि सरपंच की रेकी की जा रही थी।





मृतक सरपंच जरमल सिंह की फाइल फोटो

## वल्टोहा गांव के थे सरपंच

जरमल सिंह तरनतारन जिले के वल्टोहा गांव के रहने वाले थे और मौजूदा सरपंच थे। पुलिस जांच के मुताबिक, उन पर 3 बार पहले भी हमला हो चुका है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है। फिलहाल हमले के कारणों का पता नहीं चल पाया है, लेकिन पुलिस हर पहलू से मामले की जांच कर रही है।

## सिक्योरिटी ने लापरवाही बरती

विधायक ने कहा- सरपंच को सिक्योरिटी भी मिली हुई थी, लेकिन शायद सिक्योरिटी में कोई लापरवाही बरती गई। मैं भी उनसे मिला था। हमने एक साथ शगुन दिया। फिर मैं खाना खाने चला गया और वह टेबल पर दोस्तों के साथ बैठ गए। हमलावरों ने कोट-पेंट पहना था। उन्होंने मुंह भी नहीं ढंका हुआ था।

## गैंगस्टरों ने मारी गोली

इस मामले में आप विधायक सरवन सिंह ने बताया कि अमरकोट के सरपंच शैरी की बहन की शादी थी। मैं भी शादी समारोह में था। मैं हॉल में था और सरपंच जरमल टेबल पर बैठकर खाना खा रहे थे। परिवार का कहना है कि उन्हें गैंगस्टर की धमकी मिल रही थी। उनसे फिरौती मांगी गई थी। इस मामले में सरपंच ने वल्टोहा थाने में केस भी दर्ज कराया था। यह रंजिश का मामला नहीं, बल्कि गैंगस्टर उन्हें धमका रहे थे। हत्या के पीछे की यही वजह हो सकती है।

# खुले मैनहोल दे रहे हादसों को न्योता, प्रशासन कुंभकर्णी नींद में

डेराबस्सी, यूटर्न, 04 दिसंबर। कस्बा मुबारकपुर के वार्ड नंबर 3 और 4 के निवासी इन दिनों गंभीर समस्याओं से जूझ रहे हैं। इलाके में सीवरेज के कई मैनहोलों के ढक्कन टूटे हुए हैं या पूरी तरह गायब हैं, जिससे हर समय हादसे का खतरा बना हुआ है। हालात इतने खराब हैं कि लोगों का कहना है कि वे नर्क जैसी जिंदगी जीने को मजबूर हो गए हैं। हैरानी की बात यह है कि बार-बार शिकायतों के बावजूद संबंधित प्रशासनिक अधिकारी इस गंभीर समस्या की ओर कोई ध्यान नहीं दे रहे। स्थानीय लोगों के अनुसार, वार्ड की मुख्य गलियों में कई मैनहोल खुले पड़े हैं। दिन के समय तो लोग किसी तरह संभल जाते हैं, लेकिन रात के अंधेरे में ये खुले मैनहोल मौत का कुआं साबित हो रहे हैं। खासकर स्कूली बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं के लिए इन गलियों से गुजरना



जोखिम भरा हो गया है। कई बार दोपहिया वाहन चालक इन खुले मैनहोलों में गिरकर घायल भी हो चुके हैं, लेकिन इसके बावजूद प्रशासन की ओर से कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। इलाके के लोगों में प्रशासन की लापरवाही को लेकर भारी रोष है। वार्डवासियों का कहना है कि उन्होंने कई बार नगर परिषद के अधिकारियों और स्थानीय जनप्रतिनिधियों को इस समस्या से अवगत कराया, लेकिन हर बार सिर्फ आश्वासन ही मिले। लोगों का आरोप है कि प्रशासन शायद किसी बड़े हादसे का इंतजार कर रहा है। लोगों का कहना है कि वे नियमित रूप से टैक्स अदा करते हैं, लेकिन बदले में उन्हें बुनियादी सुविधाएं तक नहीं मिल पा रही हैं। खुले मैनहोल उनके बच्चों की जान के लिए सबसे बड़ा खतरा बने हुए हैं। खुले मैनहोलों के कारण सिर्फ हादसों का खतरा ही नहीं, बल्कि गंदगी और बदबू ने भी लोगों का जीना मुहाल कर दिया है। सीवरेज का गंदा पानी गलियों में ओवरफ्लो हो रहा है, जिससे पूरे इलाके में दुर्गंध फैली हुई है। इसके चलते बीमारियों के फैलने का खतरा भी बढ़ गया है। मुबारकपुर के वार्ड नंबर 3 और 4 के निवासियों ने उच्च अधिकारियों से मांग की है कि खुले मैनहोलों को तुरंत ढकवाया जाए और सीवरेज व्यवस्था की नियमित सफाई सुनिश्चित की जाए। लोगों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द कोई कार्रवाई नहीं हुई तो वे आंदोलन करने के लिए मजबूर होंगे।

# ढकोली की 26 सोसाइटियों की आरडब्ल्यूए बैठक, निर्दलीय उम्मीदवार उतारने का फैसला

लंबित समस्याओं पर 31 जनवरी तक अल्टीमेटम, नहीं हुआ काम तो धरना

जीरकपुर, यूटर्न, 4 जनवरी। ढकोली क्षेत्र की 26 सोसायटियों के निवासियों की संस्था आरडब्ल्यूए (यूआरडब्ल्यूए) की मासिक बैठक में इलाके से जुड़ी विभिन्न लंबित समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि आगामी नगर परिषद चुनावों में सोसायटियों की ओर से एक स्वतंत्र उम्मीदवार उतारा जाएगा, जो किसी भी राजनीतिक दल से संबंधित नहीं होगा। तय किया गया कि यह उम्मीदवार मुख्य चुनाव में जीतने वाली सत्ताधारी पार्टी को समर्थन देगा। बैठक में बरसाती नालों से जुड़ी गंभीर समस्याओं को प्रमुखता से उठाया गया। सदस्यों ने मांग की कि ढकोली क्षेत्र में जहां-जहां बरसाती नाले आबादी के पास से गुजरते हैं, वहां जल्द से जल्द उचित फेंसिंग करवाई जाए, ताकि किसी भी तरह की दुर्घटना से बचा जा सके। इसके अलावा वार्ड नंबर 13 और 14 स्थित शालीमार एन्क्लेव के कम्युनिटी सेंटर की मरम्मत, पेंटिंग और रखरखाव का कार्य पिछले चार वर्षों से लंबित होने पर गहरी नाराजगी जताई गई। आरडब्ल्यूए सदस्यों ने बताया कि इस संबंध में विधायक और नगर परिषद कार्यालय को कई बार अवगत कराया जा चुका है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। बैठक में चेतावनी दी गई कि यदि यह कार्य 31 जनवरी 2026 तक पूरा नहीं हुआ तो नगर परिषद कार्यालय और विधायक कार्यालय के बाहर धरना प्रदर्शन किया जाएगा। बैठक में मंडी के पास स्थित कचरा प्वाइंट का मुद्दा भी उठाया गया, जिसे विधायक डेराबस्सी द्वारा मीटिंग प्वाइंट से सौंदर्यीकरण स्थल में बदलने की घोषणा की गई थी। दो महीने से अधिक समय बीतने के बावजूद कार्य शुरू न होने पर निवासियों ने नाराजगी जताते हुए इसे केवल खोखला वादा बताया।

वहीं वार्ड नंबर 13 और 14 में बरसाती नाले के किनारे रिटेनिंग वॉल निर्माण कार्य लंबे समय से लंबित होने पर भी चिंता जताई गई। लोगों का कहना है कि इससे क्षेत्रवासियों की जान को खतरा बना हुआ है और यह कार्य तुरंत शुरू किया जाना चाहिए।

यूआरडब्ल्यूए के सदस्यों ने स्पष्ट किया कि सभी लंबित कार्यों को पूरा करने के लिए सरकार और प्रशासन को 31 जनवरी 2026 तक का समय दिया गया है। यदि तय समय सीमा तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई तो सरकार के पूर्ण बहिष्कार के साथ नगर परिषद और विधायक कार्यालय के समक्ष धरना प्रदर्शन किया जाएगा।

# जीरकपुर में 15 वर्षीय नाबालिग छात्रा लापता, अपहरण का शक, मामला दर्ज

जीरकपुर, यूटर्न, 04 जनवरी। बलटाना क्षेत्र से 15 वर्षीय नाबालिग छात्रा के लापता होने का मामला सामने आया है। बच्ची की मां ने थाना जीरकपुर में शिकायत दर्ज कराते हुए अज्ञात व्यक्ति पर बहला-फुसलाकर भगा ले जाने का संदेह जताया है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दिए बयान में गांव अमान खेड़ा, थाना व जिला उन्नाव (उत्तर प्रदेश) और वर्तमान निवासी एससीओ नंबर-04, रामलीला ग्राउंड के पास, पीटीसी बलटाना, जीरकपुर ने बताया कि वह और उनके पति मेहनत-मजदूरी का काम करते हैं। उनके चार बच्चे हैं। उनकी 15 वर्षीय बेटी रेशमा बलटाना स्थित स्टार किड्स स्कूल में पहली कक्षा की छात्रा है।




शिकायत के अनुसार 27 दिसंबर 2025 को सुबह करीब 8:30 बजे शांति देवी और उनके पति काम पर चले गए थे, जबकि बड़ी बेटी अपनी दुकान पर काम करने चली गई। घर पर रेशमा और उसके दो छोटे भाई मौजूद थे। दोपहर करीब 10 बजे रेशमा घर से बाहर घूमने के लिए निकली, लेकिन वापस नहीं लौटी। शाम करीब 6:30 बजे जब माता-पिता घर लौटे तो बच्ची घर पर नहीं मिली। इसके बाद परिवार ने आसपास, रिश्तेदारों और बच्ची की सहेलियों के यहां तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। आशंका जताई कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने उनकी नाबालिग बेटी को शादी का झांसा देकर बहला-फुसलाकर भगा लिया है। पुलिस चौकी बलटाना के हेड कांस्टेबल कुलदीप सिंह ने बयान के आधार पर भारतीय न्याय संहिता (इठर) की धाराओं 137(2) और 96 के तहत अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस ने कंट्रोल रूम और वरिष्ठ अधिकारियों को सूचना दे दी है। बच्ची की तलाश के लिए टीमें गठित कर दी गई हैं और आसपास के इलाकों में जांच-पड़ताल की जा रही है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही बच्ची को बरामद कर लिया जाएगा।




# चंडीगढ़ मेयर चुनावः हाथ उठाकर वोटिंग में अस्पष्टताएं मौजूद, आप, कांग्रेस चाहती हैं स्पष्टता

चंडीगढ़/यूटर्न/4 जनवरी। जबकि वळ प्रशासन ने घोषणा की है कि मेयर, सीनियर डिप्टी मेयर और डिप्टी मेयर के पदों के लिए चुनाव 29 जनवरी को हाथ उठाकर वोटिंग से होंगे, नई वोटिंग प्रणाली से संबंधित कुछ अस्पष्टताएं राजनीतिक दलों को चिंतित कर रही हैं। कांग्रेस और आप नेताओं ने मांग की है कि डिप्टी कमिश्नर चुनाव से पहले सभी पार्टियों के साथ स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर (एसओपी) पर विस्तार से चर्चा करें।

यह पहली बार है कि मेयर चुनाव हाथ उठाकर वोटिंग से हो रहा है। नई प्रणाली की जरूरत 2024 के चुनाव में हुई गड़बड़ी के बाद पड़ी, जब पीठासीन अधिकारी अनिल मसीह, जो एक मनोनीत पार्षद थे, को कैमरे पर आप-कांग्रेस गठबंधन के उम्मीदवार कुलदीप कुमार ढलोर के पक्ष में डाले गए आठ वोटों को अमान्य करते हुए पकड़ा गया था, जो स्पष्ट रूप से बीजेपी के मनोज सोनकर की जीत सुनिश्चित करने की कोशिश थी। हाउस की बैठक के दौरान, कांग्रेस और आप दोनों ने मांग की थी कि भविष्य के चुनाव हाथ उठाकर वोटिंग से कराए जाएं। बाद में, वळ प्रशासक ने पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए हाथ उठाकर वोटिंग से चुनाव कराने के प्रस्ताव को मंजूरी दी।




## जल्द की जाएगी एसओपी की जांच

*डॉ. रमनिक सिंह बेदी, एक मनोनीत पार्षद जिन्हें मेयर के चुनाव के लिए होने वाली बैठक के लिए पीठासीन अधिकारी नामित किया गया है, ने कहा कि वह जल्द ही एसओपी की जांच करेंगे और संबंधित अधिकारियों के साथ इस पर चर्चा करेंगे। उन्होंने कहा कि वह यह पक्का करेंगे कि चुनाव की कार्यवाही कानून, तय प्रक्रियाओं और मंजूर एसओपी के हिसाब से सख्ती से की जाए।*

## सिस्टम में सभी अस्पष्टताओं को दूर करें

हालांकि प्रशासन ने घोषणा की है कि एक विस्तृत एसओपी तैयार किया गया है, राजनीतिक दल मांग कर रहे हैं कि इस पर उनके साथ चर्चा की जाए। चंडीगढ़ कांग्रेस के अध्यक्ष एचएस लकी ने कहा कि हालांकि उन्होंने हाथ उठाकर वोटिंग से चुनाव कराने के कदम का स्वागत किया है, लेकिन यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि सिस्टम में सभी अस्पष्टताओं को दूर किया जाए। ऊ कार्यालय को राजनीतिक दलों के साथ एक बैठक करनी चाहिए।

**यह है एसओपी का मतलब...**एसओपी के अनुसार, जब पार्षदों से कोई विकल्प चुनने के लिए कहा जाएगा, तो वे साफ तौर पर अपने हाथ ऊपर करेंगे, वोटों की गिनती देखकर और बोलकर पुष्टि करके की जाएगी और किसी भी तरह की अस्पष्टता या विवाद से बचने के लिए सही डॉक्यूमेंटेशन, जिसमें वोट रजिस्टर बनाना और मीटिंग के मिनट्स में रिकॉर्ड करना शामिल है, यह पक्का किया जाएगा। पूरी चुनाव प्रक्रिया की लगातार बिना किसी एडिटिंग के वीडियोग्राफी की जाएगी और वीडियो रिकॉर्ड को कम से कम 90 दिनों के लिए या सक्षम अथॉरिटी के निर्देशानुसार सुरक्षित रखा जाएगा।

# मोहाली में ढाई साल की बच्ची से रेप, चॉकलेट देकर अपने साथ ले गया पड़ोसी, आरोपी गिरफ्तार

मोहाली/यूटर्न/4 जनवरी। मोहाली में ढाई साल की बच्ची से रेप का मामला सामने आया है। आरोपी चॉकलेट देने के बहाने बच्ची को अपने साथ ले गया और रेप किया। बच्ची की दयनीय हालत के चलते उसे अस्पताल में भर्ती करवाया है। आरोपी अर्जुन राम को पुलिस ने काबू कर लिया है। आज उसे मोहाली कोर्ट में पेश किया जाएगा। आरोपी प्राइवेट काम करता है।



इस संबंधी बलौंगी थाने में केस दर्ज किया है। पुलिस को दी शिकायत में बताया है कि पीड़ित की मां ने बताया कि, आरोपी अर्जुन राम उसके घर के पास ही रहता था। घर में उसका जाना आना था। वह बच्चों को खाने पीने चीजें देकर अकसर अपने साथ ले जाता था। ऐसे में उस पर कोई संदेह भी नहीं हुआ। शनिवार को जब रसोई में काम कर रही थी। तो आरोपी उसने घर आया और चॉकलेट बच्ची को देकर अपने साथ ले गया। जब वह थोड़ी बाद आरोपी के घर गई तो बच्ची के रोने की आवाजें आ रही थी। उसे लगा कि वैसे ही रो रही होगी। जैसे ही वह अंदर गई तो बच्ची गंभीर हालत में पड़ी मिली।

## बच्ची की हालत देखकर मां भी हुई बेसुध

बच्ची को देखकर वह भी बेसुध हो गई कि आरोपी ने क्या कर दिया। उसने शोर मचा दिया। इसके बाद लोग इकट्ठा हो गए। साथ ही आरोपी वहां से भाग गया। इसके बाद वह बेटी को लेकर अस्पताल पहुंचे है। साथ ही पुलिस को इस बारे में सूचना दी। थाने के एसएचओ पैरी विंकल ने कहा कि आरोपी को अरेस्ट कर लिया है। उस के खिलाफ रेप और पॉक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज किया। पुलिस द्वारा मामले की पड़ताल की जा ही है। आज उसे अदालत पेश किया जाएगा। वहीं, आरोपी के बारे में पड़ताल की जा रही है।

# डेरा प्रमुख गुरमीत राम रहीम को फिर से 40 दिन की पैरोल मिली

चंडीगढ़/यूटर्न/4 जनवरी। डेरा सच्चा सौदा प्रमुख गुरमीत राम रहीम, जो अपनी दो शिष्याओं के साथ रेप के मामले में 20 साल की जेल की सजा काट रहा है और हरियाणा के रोहतक की सुनारिया जेल में बंद है, उसे फिर से 40 दिन की पैरोल दी गई है। उसकी यह ताजा पैरोल पिछले साल अगस्त में मिली 40 दिन की पैरोल के कुछ महीनों बाद आई है। रोहतक डिविजनल कमिश्नर ने रेप और हत्या के दोषी डेरा प्रमुख को 40 दिन की पैरोल मंजूर कर दी है। उसे रविवार या सोमवार को रिहा किए जाने की संभावना है। 2017 में सजा मिलने के बाद यह 15वीं बार होगा जब राम रहीम को पैरोल या फरलो पर जेल से रिहा किया जाएगा। राम रहीम दो शिष्याओं के साथ रेप के मामले में 20 साल की जेल की सजा काट रहा है। उसे पत्रकार राम चंद्र छत्रपति की हत्या के मामले में भी दोषी ठहराया गया है और उम्रकैद की सजा सुनाई गई है।



## अगस्त २०२५ में मिली थी पहली पैरोल

*डेरा प्रमुख को आखिरी बार अगस्त 2025 में 40 दिन की पैरोल पर रिहा किया गया था, जिसे उसने कथित तौर पर अपना 58वां जन्मदिन मनाने के लिए लिया था। उस पैरोल के अलावा, उसे अप्रैल में 21 दिन की फरलो और जनवरी में 30 दिन की पैरोल दी गई थी, जो 5 फरवरी को दिल्ली विधानसभा चुनावों से पहले थी। इसी तरह, उसे 1 अक्टूबर, 2024 को 20 दिन की पैरोल दी गई थी, जो 5 अक्टूबर को हरियाणा विधानसभा चुनावों से कुछ दिन पहले थी। अगस्त 2024 में, डेरा प्रमुख को 21 दिन की फरलो दी गई थी। उसे 7 फरवरी, 2022 से तीन हफ्ते की फरलो की भी अनुमति दी गई थी, जो पंजाब विधानसभा चुनावों से ठीक दो हफ्ते पहले थी।*

# 2027 पंजाब विधानसभा चुनाव में बीजेपी सभी 117 सीटों पर चुनाव लड़ेगीः तरुण चुघ

चंडीगढ़/यूटर्न/4 जनवरी। बीजेपी के राष्ट्रीय महासचिव तरुण चुघ ने आज कहा कि पार्टी 2027 के विधानसभा चुनावों में पंजाब की सभी 117 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। चुघ, बीजेपी के प्रदेश उपाध्यक्ष सुभाष शर्मा के साथ, पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की 100वीं जयंती समारोह में हिस्सा लेने के लिए नंगल में थे, जिसका आयोजन बीजेपी ने किया था। जब उनसे पूछा गया कि क्या शिरोमणि अकाली दल के साथ कोई गठबंधन नहीं होगा, तो चुघ ने कहा कि बीजेपी सभी 117 सीटों पर चुनाव लड़ेगी और दूसरी पार्टी का नाम नहीं लेगी। पार्टी अगले विधानसभा चुनावों में अकेले चुनाव लड़ना चाहती है और हर निर्वाचन क्षेत्र में जमीनी स्तर पर काम कर रही है। उन्होंने कहा, पार्टी पहली बार पंजाब में अपने दम पर सरकार बनाने की स्थिति में है।



## आप सरकार ने बढ़ाया एक लाख करोड़ कर्ज

बीजेपी के राष्ट्रीय महासचिव ने कहा कि मौजूदा अअढ सरकार ने पिछले चार सालों में 1 लाख करोड़ रुपये का कर्ज लिया है और पंजाब पर कुल कर्ज का बोझ बढ़कर लगभग 4 लाख करोड़ रुपये हो गया है। राज्य में प्रदर्शन करने में विफल रहने के बाद, अअढ सरकार पंजाब में गैर-जरूरी मुद्दे उठा रही है। राज्य सरकार ने केंद्र सरकार द्वारा शुरू की गई विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (जी राम जी) योजना के खिलाफ एक अभियान शुरू किया है। चुघ ने कहा कि बीजेपी नई योजना के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए देशव्यापी अभियान शुरू करेगी।

## भारत सरकार जी राम जी तहत कर रही कार्य

जहां पंजाब सरकार जी राम जी योजना का विरोध कर रही थी, वहीं उसने राज्य में पुरानी टढफएत्रक्ष योजना के तहत श्रमिकों को औसतन केवल 28 दिनों का रोजगार दिया। जी राम जी योजना एक साल में 125 दिनों के रोजगार का वादा करती है। भारत सरकार जी राम जी योजना के तहत किए गए कार्यों में मूल्य जोड़ना चाहती है।

# कड़ाके की ठंड और घने कोहरे के चलते चंडीगढ़ में स्कूलों की छुट्टियां 10 जनवरी तक बढ़ीं

चंडीगढ़, यूटर्न, 04 जनवरी। जनवरी माह में लगातार पड़ रही कड़ाके की ठंड और घने कोहरे को देखते हुए चंडीगढ़ प्रशासन ने स्कूलों के संचालन को लेकर एहतियाती कदम उठाए हैं। प्रशासन द्वारा जारी आदेशों के अनुसार, सर्दियों की छुट्टियों के बाद 8 जनवरी को खुलने वाले स्कूल अब 10 जनवरी तक बंद रहेंगे।




प्रशासन ने बताया कि मौसम विभाग द्वारा अत्यधिक ठंड और घने कोहरे की भविष्यवाणी की गई है, जिसके चलते छात्रों की सुरक्षा और स्वास्थ्य को प्राथमिकता देते हुए यह निर्णय लिया गया है। सभी सरकारी, सरकारी सहायता प्राप्त और निजी स्कूलों पर यह आदेश लागू होगा। चंडीगढ़ प्रशासन ने स्पष्ट किया कि मौसम की स्थिति की लगातार समीक्षा की जा रही है, और आगे भी हालात के अनुसार आवश्यक निर्णय लिए जाएंगे। अभिभावकों से अपील की गई है कि वे बच्चों को ठंड से बचाने के लिए आवश्यक सावधानियां बरतें।

# न्यू इंदिरा कॉलोनी में भीमा कोरेगांव शताब्दी स्मरण समारोह आयोजित

चंडीगढ़, यूटर्न, 04 दिसंबर। न्यू इंदिरा कॉलोनी में भीमा कोरेगांव की ऐतिहासिक लड़ाई के वीर शहीदों की स्मृति में भीमा कोरेगांव शताब्दी स्मरण समारोह का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम पे-बैक सोसाइटी के तत्वावधान में आयोजित हुआ, जिसमें शहीदों और योद्धाओं के बलिदान को नमन किया गया। वक्ताओं ने कहा कि भीमा कोरेगांव की ऐतिहासिक लड़ाई अन्याय और अत्याचार के खिलाफ साहस, समानता और स्वाभिमान का प्रतीक है। यह शताब्दी स्मरण सामाजिक न्याय, भारतीय संविधान और एकजुटता जैसे मूल्यों को आगे बढ़ाने की प्रेरणा देता है। कार्यक्रम के दौरान समर्पण, संघर्ष और समानता के आदर्शों को याद करते हुए शहीदों की ऐतिहासिक विरासत को नमन किया गया।




समारोह में समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों ने भाग लिया। इस अवसर पर सुनील परखी, सतबीर सिंह, सुरेंद्र सिंह, साहिल चावर, राजबीर सिंह, रामकुमार फौजी, चितरंजन जी, धर्मबीर अनारिया, कुलवंत सिंह, बिजेंद्र दुलगच, राजेश कुमार रॉकी, राज सिंह, पंकज ठाकुर, संतराम, राकेश डोगरा, लक्ष्य सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य भीमा कोरेगांव की ऐतिहासिक विरासत को नई पीढ़ी तक पहुंचाना और सामाजिक समरसता के संदेश को मजबूत करना रहा।

Uturn Time 05 Jan 2026_Page 1-4.qxd 04-01-2026 22:19 Page 5





पेज 08 पटियाला में सीएम सैनी ने पंजाब सरकार को घेरा...

# 2027 में मोदी की अगुवाई में पंजाब में भाजपा सरकार तय: नायब सिंह सैनी



चंडीगढ़/पटियाला, 4 जनवरी। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आम आदमी पार्टी सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए दावा किया कि 2027 के विधानसभा चुनाव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई में पंजाब में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनेगी और पंजाब को देश का अग्रणी राज्य बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि झूठे वायदों के दम पर सत्ता में आई आप सरकार ने चार साल में पंजाब को नशे, बेरोजगारी और वायदाखिलाफी के दलदल में धकेल दिया है।

हरियाणा-पंजाब सीमा के निकट पटियाला जिले के घनौर में आयोजित विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए सैनी ने कहा कि आप सरकार का मॉडल पूरी तरह फेल हो चुका है। महिलाओं को ₹1000 देने का वायदा आज तक अधूरा है, बुजुर्गों की पेंशन 2500 की जगह 1500 ही मिल रही है, वह भी महीनों की देरी से। नशामुक्त पंजाब का नारा देकर नशा और बढ़ा दिया गया, उन्होंने कहा। मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा में भाजपा ने जो कहा, वो करके दिखाया — ₹500 में सिलेंडर, महिलाओं को ₹2100 की आर्थिक सहायता, बुजुर्गों को देश की सबसे अधिक ₹3200 पेंशन, 25 हजार युवाओं को नियुक्ति पत्र, किसानों की सभी फसलों की एमएसपी पर खरीद। यही मॉडल पंजाब में लागू होगा, सैनी ने दो टूक कहा। उन्होंने कहा कि शाम पांच बजे के बाद आप सरकार के दरवाजे बंद हो जाते हैं। ये लोग शंख की तरह हैं — बजाने पर आवाज तो आती है, लेकिन देने को कुछ नहीं। सैनी ने कहा कि कांग्रेस पर कभी भ्रष्टाचार के आरोप लगते थे, लेकिन आप सरकार ने तो उसे भी पीछे छोड़ दिया, आज इनके मंत्री जेल में हैं और आम आदमी का पैसा लूटा जा रहा है। धार्मिक और सांस्कृतिक मुद्दों पर बोलते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा सरकार ने श्री गुरु तेग बहादुर जी की शहादत को पूरे सम्मान के साथ मनाया, 350 रक्तदान शिविर लगाए गए, विश्वविद्यालयों के नाम गुरुओं के नाम पर रखे गए और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वयं कुरुक्षेत्र आकर गुरु साहिब को नमन किया। भाजपा ही गुरुओं के बलिदान को सच्चा सम्मान दे सकती है, उन्होंने कहा।

# नशा मुक्त पंजाब: आरोपों के शोर के बीच जमीनी कार्रवाई के सबूत

## मान सरकार बोली– 'हम भाषण नहीं, परिणाम दिखा रहे हैं'



चंडीगढ़, यूटर्न 4 जनवरी। पंजाब में नशे के मुद्दे पर विपक्ष के आरोपों के बीच मान सरकार ने तथ्यों और आंकड़ों के साथ सीधा काउंटर पेश किया है। सामाजिक सुरक्षा, महिला एवं बाल विकास मंत्री डॉ. बलजीत कौर ने स्पष्ट कहा कि नशा मुक्त पंजाब कोई चुनावी जुमला नहीं, बल्कि निरंतर चल रहा मिशन है, जिस पर सरकार ने अब तक 467.49 लाख रुपये खर्च कर जमीनी स्तर पर ठोस परिणाम दिए हैं।

डॉ. बलजीत कौर ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि जिन सरकारों के दौर में नशा माफिया पनपा, वही आज नैतिकता की बातें कर रहे हैं। 'हमारे लिए नशा मुक्ति केवल कानून-व्यवस्था का सवाल नहीं, बल्कि हर परिवार के भविष्य की लड़ाई है। फर्क इतना है कि विपक्ष ने नारे दिए, हमने सिस्टम बदला,' उन्होंने कहा।

सरकार ने बताया कि नशा मुक्ति अभियान तीन स्तरों पर चलाया जा रहा है— इलाज, जागरूकता और सामाजिक सहभागिता। इसी रणनीति के तहत स्वास्थ्य विभाग ने 107.22 लाख, सूचना एवं लोक संपर्क विभाग ने 202.99 लाख, जबकि सामाजिक सुरक्षा विभाग ने 109.12 लाख रुपये खर्च कर प्रदेशभर में जागरूकता शिविरों और कार्यक्रमों की श्रृंखला शुरू की है।

मंत्री ने कहा कि विपक्ष केवल आंकड़े उछालता है, लेकिन यह नहीं बताता कि उनके कार्यकाल में नशा कैसे फैला। आज स्कूलों, कॉलेजों, पंचायतों और समाजसेवी संस्थाओं को इस अभियान से जोड़ा गया है। युवाओं को नशे से दूर रखने के लिए रोकथाम + पुनर्वास दोनों पर एक साथ काम हो रहा है, उन्होंने जोड़ा। डॉ. बलजीत कौर ने भावनात्मक अपील करते हुए कहा कि यह लड़ाई किसी पार्टी के खिलाफ नहीं, बल्कि नशे के खिलाफ है। हम हर उस मां की पीड़ा समझते हैं जिसने अपने बेटे को नशे में खोते देखा है। मान सरकार का संकल्प है कि पंजाब का हर युवा नशों से मुक्त, आत्मनिर्भर और सम्मानपूर्ण जीवन जिए।

सरकार ने यह भी साफ किया कि नशा मुक्त पंजाब की दिशा में उठाए गए कदमों की निगरानी और समीक्षा लगातार की जा रही है, ताकि अभियान केवल कागजों तक सीमित न रहे। आरोप लगाने वालों से सवाल एक ही है— जब सत्ता आपके पास थी, तब आपने क्या किया? मंत्री ने दो टूक कहा।

# 2026 में कुछ खास करने की तमन्ना है लुधियानवी सितारों में

दिनेश मौदगिल



दीप जोशी



जसवंत सिंह राठौर



रॉकी संधू



बलबीर बोपाराय

लुधियाना, यूटर्न, 4 जनवरी। साल 2025 के खत्म हो चुका है और 2026 की शुरूआत हो चुकी है। नए साल का नया उत्साह हर किसी के दिल में होता है। नया साल नई उमंगे और उत्साह लेकर आता है। हर किसी की नई योजनाएं होती हैं। ऐसे ही बॉलीवुड और पॉलीवुड से जुड़े लुधियाना के नामी कलाकार भी 2026 में कुछ खास करने की योजनाएं बनाए हुए हैं तथा इस नववर्ष में नए इरादों के साथ प्रवेश कर रहे हैं। उन्होंने सभी को नए साल की शुभकामनाएं दी हैं।

**लुधियाना को फिल्म हब बनाने की तमन्ना:** टीवी धारावाहिक मेघा बरसेंगे सहित बठिंडा एक्सप्रेस, मित्रों नूं शौंक हथियारां दा, बुर्रा आदि फिल्मों अपनी अदाकारी का जलवा बिखेर चुके फिल्म एक्टर एवं डायरेक्टर दीप जोशी इस नए साल में कुछ अलग सोच बनाकर चलने वाले हैं। दीप ने बताया कि 2026 में वह लुधियाना शहर को फिल्म हब बनाने की तमन्ना रखते हैं। शहर में नई फिल्में बने और लुधियाना से नए कलाकार निकल सकें और नया टैलेंट विश्व स्तर पर अपनी अलग पहचान बनाए।

**अपनी टीम बनाकर करेंगे नए प्रयास:** कपिल शो, लाफ्टर चैलेंज टीवी शोज करने के अलावा कई पंजाबी फिल्मों में अभिनय कर चुके जसवंत सिंह राठौर ने कहा कि नई उमंगों और नए उत्साह के साथ नए साल का स्वागत करेंगे क्योंकि उम्मीद से दुनिया कायम है। बीते समय की गलतियों से सबक लेकर आगे बढ़ना है और इस नव वर्ष में प्रवेश करना है तथा कुछ खास व नया करना है। जसवंत ने बताया कि इस साल वह अपनी टीम बनाकर अपने शो व अन्य मनोरंजन के प्रोग्राम करेंगे। उनका कहना है कि इस भागदौड़ भरी जिंदगी में लोगों को अपने प्रोग्रामों के द्वारा हंसाकर खुशी देकर उनके चेहरे पर मुस्कान देना मुझे अच्छा लगता है।

**बॉलीवुड में नई फिल्में बनाएंगे:** कॉलेज के समय लुधियाना रह चुके पूर्व आईपीएस अधिकारी स्वर्गीय परमजीत सिंह संधू के पुत्र रॉकी संधू इस साल बॉलीवुड में तहलका मचाने की तमन्ना रखते हैं। रॉकी ने कहा कि इस वर्ष वह बॉलीवुड में नई फिल्में बनाने जा रहे हैं। इसमें से एक फिल्म में बॉलीवुड का एक दिग्गज एक्टर हीरो होगा। नए साल में कुछ नयापन दिखाई देगा।

**इंडिया टूर करेंगे:** कैनेडा में रहने वाले प्रसिद्ध गायक बलबीर बोपाराय जो दे लै गेड़ा सहित अपने गीतों से पूरे विश्व में मशहूर हैं। उन्होंने नववर्ष का स्वागत पंजाब में ही किया। इस साल वह भी कुछ खास करने जा रहे हैं। बोपाराय ने बताया कि वह इस साल इंडिया टूर के तहत देश के अलग अलग शहरों में शो करेंगे।

# IGU नॉर्थ जोन बॉयज-डी रैंकिंग 2025: वेदांश जैन ने देशभर में पाया दूसरा स्थान

चंडीगढ़, यूटर्न, 04 दिसंबर। भारतीय गोल्फ के उभरते सितारे वेदांश जैन (Vedaansh Jain) ने वर्ष 2025 की इंडियन गोल्फ यूनियन (IGU) नॉर्थ जोन बॉयज-डी रैंकिंग में दूसरा स्थान हासिल कर शहर और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। कम उम्र में यह उपलब्धि वेदांश की प्रतिभा, अनुशासन और खेल के प्रति समर्पण को दशार्ती है। उनके इस शानदार प्रदर्शन ने उन्हें राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाई है और भविष्य में भारतीय गोल्फ में बड़ी भूमिका निभाने की संभावनाओं को मजबूत किया है। वेदांश जैन पूर्व एडिशनल एडवोकेट जनरल एवं वरिष्ठ अधिवक्ता पियूष कांत जैन के पोते हैं। वेदांश की इस उपलब्धि पर राजयभर सहित खेल और सामाजिक जगत ने पूरे जैन परिवार को शुभकामनाएं दी हैं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।



# जीरकपुर फ्लाईओवर के नीचे मिली लाश, ठंड से मौत की आशंका



जीरकपुर, यूटर्न, 04 दिसंबर। जीरकपुर में कड़ाके की ठंड एक बार फिर एक बेसहारा व्यक्ति की जान ले गई। 27 दिसंबर 2025 को जीरकपुर फ्लाईओवर के नीचे संदिग्ध परिस्थितियों में एक व्यक्ति की मौत के बाद, अब कल रात एक और व्यक्ति ने ठंड से जूझते हुए दम तोड़ दिया। यह घटना प्रशासन के दावों और जमीनी हकीकत के बीच के अंतर को उजागर करती है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, कल रात करीब 9:00 बजे जीरकपुर फ्लाईओवर के नीचे खुले आसमान तले रह रहे एक व्यक्ति की भीषण ठंड के कारण मौत हो गई। आसपास मौजूद लोगों के अनुसार, जब व्यक्ति को देखा गया तो उसका शरीर पूरी तरह अकड़ चुका था, जिससे अंदाजा लगाया जा रहा है कि अत्यधिक ठंड के कारण वह जिंदगी की जंग हार गया। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय लोगों में भारी रोष देखने को मिला। लोगों का कहना है कि हर साल सर्दियों में रैन बसेरों और बेसहारा लोगों की सुरक्षा के बड़े-बड़े दावे किए जाते हैं, लेकिन जमीनी स्तर पर हालात जस के तस बने हुए हैं। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और मृतक के शव को डेराबस्सी अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया गया था। एएसआई बलजीत सिंह ने बताया कि मृतक की पहचान शीशपाल उम्र करीब 42 वर्ष जोकि मूल रूप से यूपी के संभल जिला का रहने वाला था। इस वक्त यह व्यक्ति प्रीत कॉलोनी में स्थित सब्जी मंडी में काम करता था और पुल के नीचे ही रहता था। मृतक की शीनाखत रामगढ़ भुड़ा में रहने वाले उसके भाई सतीश कुमार ने की हैं। पुलिस ने बीएनएस 194 के तहत कार्रवाई करते हुए शव परिवार वालों को सौंप दिया है।

# रोड सेफ्टी माह के तहत वाहन चालकों को किया जागरूक



डेराबस्सी, यूटर्न, 04 दिसंबर। रोड सेफ्टी माह के तहत मुबारकपुर ट्रैफिक पुलिस द्वारा वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से विशेष अभियान चलाया गया। इस दौरान ट्रैक्टर-ट्रॉलियों, ऑटो रिक्शाओं सहित अन्य वाहनों पर रिफ्लेक्टर लगाए गए, ताकि रात के समय दुर्घटनाओं की संभावना को कम किया जा सके। इस संबंध में जानकारी देते हुए मुबारकपुर ट्रैफिक इंचार्ज हरकेश सिंह ने बताया कि सड़क हादसों का मुख्य कारण ट्रैफिक नियमों की अनदेखी है। उन्होंने वाहन चालकों से अपील की कि वे हेलमेट और सीट बेल्ट का प्रयोग अवश्य करें, ओवरस्पीडिंग से बचें तथा वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का इस्तेमाल न करें। उन्होंने कहा कि ट्रैक्टर-ट्रॉलियों और ऑटो पर रिफ्लेक्टर लगाने से विशेषकर रात के समय अन्य वाहन चालकों को आगे चल रहे वाहन की स्पष्ट जानकारी मिलती है, जिससे हादसों में कमी आती है।

Uturn Time 05 Jan 2026_Page 1-4.qxd 04-01-2026 22:19 Page 6







# आज कल लोग सब बुराइयाँ कलियुग का नाम लेकर मढ़ देते हैं - संत अश्वनी बेदी जी


संत अश्वनी बेदी जी


माँ रेखा बेदी जी


आशिमा बेदी


संयम भल्ला


रामेश्वर गुप्ता


सुमन जैन


मधु बजाज


मंजू गुप्ता


सुदर्शन जैन


शिखा जैन


शुचिता दुग्गल



लुधियाना, यूटर्न, 04 जनवरी। श्री राम शरणम , श्री राम पार्क , बसंत रोड पर साप्ताहिक सत्संग में संत अश्वनी बेदी जी महाराज ने कहा कि पूज्य श्री स्वामी सत्यानंद जी महाराज के वचन है कि  आप राम नाम मंत्र का जाप करें। अपने मन में दृढ़ भाव और निश्चय लेकर जाएँ कि मंत्र में शक्ति है और जिस मंत्र का आराधन करते हैं, वह शक्ति धाम से ही अवतरित हुआ है। इसीलिए इसमें शक्ति है। यह राम नाम मंत्र चैतन्य है। यह भले ही स्याही के साथ कागज पर लिखा हुआ है, किन्तु इसमें भावना बहुत है और यह चैतन्य है। शास्त्र जानने वालों को मंत्र का निश्चय होता है। इसका बड़ा प्रभाव होगा। मंत्र देवताओं की काया है। उन्हीं से यह प्रकट होता है। मंत्र का दृश्य, जो देव का शरीर है, मंत्र इसमें ही निवास करता है और इसमें ही प्रकट होता है। न जानने वाले व्यक्तियों के पास युक्ति होती है, किन्तु उसका बल नहीं होता। जो लोग युक्तिवाद में रहते हैं, उनका क्षेत्र भिन्न होता है और जो अध्यात्मवाद में होते हैं, उनका क्षेत्र भिन्न होता है। अध्यात्मवादियों को बाहर की युक्तियों से दुर्बल नहीं बनाना।

अनुभवी व्यक्ति जो कहे, वह सज्ञान से कहता है। यह हमारा सौभाग्य है कि हमें ऐसे अच्छे साधना-सत्संग के अवसर मिलते हैं। इस राम मंत्र का आराधन करना, अवश्य सफलता प्राप्त होगी। आज कल लोग सब बुराइयाँ कलियुग का नाम लेकर मढ़ देते हैं। वास्तव में लोगों में अच्छी भावना ही नहीं रही। मंत्र का जाप करने में यदि उससे कोई लाभ नहीं होता, तो यह मंत्र का दोष नहीं है, अपितु यह समझो कि मंत्र के लिए वैसी धारणा ही नहीं रही। धारणा के अनुसार ही ऐसी कोई बात चला करती है। यदि वह ही न आवे तो कोई चीज ठीक नहीं। सभा में श्रीमती सुदर्शन जैन, सुमन जैन, शिखा जैन, मंजू गुप्ता, मधु बजाज, रामेश्वर गुप्ता, राज गुप्ता, शशि गुप्ता, बृजेश गुप्ता, गुलाब राय, श्रेय गुप्ता, शत्रुगण नंदा व अन्य उपस्थित रहे ।

## रूह से रूबरू




चारू नागपाल

### ट्रंप की वेनेजुएला पर दादागिरी बाकी देशों के लिए एक सबक

अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की नीतियाँ अक्सर आक्रामक और दबाव बनाने वाली रही हैं। वेनेजुएला के मामले में यह साफ दिखाई देता है। ट्रंप प्रशासन ने वेनेजुएला पर कठोर आर्थिक प्रतिबंधलगाए, उसकी सरकार को अवैध ठहराने की कोशिश की और खुले तौर पर सत्ता परिवर्तन का समर्थन किया। अचानक से देश पर अपना कब्जा कर लिया और वहाँ के राष्ट्रपति और उसकी पत्नी का सरेआम गिरफ्तारी का नाम देकर अपहरण करके न्यूयॉर्क ले जाया गया। इन कदमों का उद्देश्य लोकतंत्र या मानवाधिकार नहीं, बल्कि अपने भू-राजनीतिक और आर्थिक हितों की रक्षा करना अधिक प्रतीत होता है। भले ही वहाँ के राष्ट्रपति पर कितने भी गम्भीर आरोप लगे हों पर किसी भी देश की सीमा की एक मयार्दा होती है। वेनेजुएला पहले से ही आर्थिक संकट, महंगाई और राजनीतिक अस्थिरता से जूझ रहा था। अमेरिकी प्रतिबंधों ने आम जनता कीमुश्किलें और बढ़ा दीं। दवाइयों और जरूरी सामानों की कमी ने यह दिखा दिया कि महाशक्तियों की दादागिरी का सबसे बड़ा नुकसान निर्दोष नागरिकों को होता है। यह भी स्पष्ट हुआ कि अंतरराष्ट्रीय कानून और संप्रभुता की बातें अक्सर ताकतवर देशों के लिए सिर्फ शब्द बनकर रह जाती हैं। यह स्थिति बाकी देशों के लिए एक बड़ा सबक है। किसी भी देश को केवल बाहरी ताकतों पर निर्भर नहीं रहना चाहिए। आत्मनिर्भरता, मजबूत संस्थाएँ और संतुलित विदेश नीति ही ऐसे दबावों से बचने का रास्ता है। साथ ही, विकासशील देशों को आपसी सहयोग बढ़ाकर सामूहिक रूप से ऐसी दादागिरी का विरोध करना चाहिए, ताकि वैश्विक व्यवस्था अधिकन्यायपूर्ण और संतुलित बन सके।

## कानूनी बात - निशांत प्रभाकर के साथ


निशांत प्रभाकर, एडवोकेट

**Online Challan:** भरते समय किन बातों का ध्यान रखना जरूरी है?

आजकल ज्यादातर ट्रैफि क चालान ऑनलाइन जारी किए जाते हैं। मोबाइल पर मैसेज या ई-मेल आता है और कई लोग बिना पूरी जानकारी देखे ही जुमार्ना भर देते हैं। कुछ लोग इसे नजरअंदाज कर देते हैं, जबकि दोनों ही तरीके आगे चलकर परेशानी पैदा कर सकते हैं। सही जानकारी होने पर **Online Challan** को आसानी से और सुरक्षित तरीके से संभाला जा सकता है। सबसे पहले यह देखना जरूरी है कि चालान असली है या नहीं। केवल किसी अनजान लिंक पर क्लिक करके भुगतान करना जोखिम भरा हो सकता है। चालान की जानकारी हमेशा आधिकारिक पोर्टल पर जाकर ही देखनी चाहिए, जहाँ वाहन नंबर डालकर पूरी जानकारी मिल जाती है—तारीख, समय, स्थान और उल्लंघन का कारण। इससे यह स्पष्ट हो जाता है कि वास्तव में कोई गलती हुई है या नहीं।

यदि चालान सही प्रतीत होता है, तो समय पर भुगतान करना बेहतर होता है। देर करने से जुमार्ना बढ़ सकता है या आगे कानूनी दिक्कतें खड़ी हो सकती हैं। भुगतान के बाद उसकी डिजिटल रसीद सुरक्षित रखना जरूरी है, क्योंकि भविष्य में यही प्रमाण बनती है कि चालान चुका दिया गया है।

अगर किसी को लगता है कि चालान गलत है, तो घबराने की जरूरत नहीं है। कानून नागरिक को यह अधिकार देता है कि वह अपनी आपत्ति दर्ज कर सके। सही मंच के माध्यम से शिकायत या स्पष्टीकरण दिया जा सकता है। बिना जाँच किए भुगतान कर देने से यह अवसर समाप्त हो जाता है, इसलिए निर्णय सोच-समझकर लेना चाहिए।

यह भी ध्यान रखना चाहिए कि डल्ल'ल्ली उँ' 'ल्ल को पूरी तरह नजरअंदाज करना सही विकल्प नहीं है। कई लोग सोचते हैं कि 'कुछ नहीं होगा', लेकिन बाद में वाहन से जुड़े कामों या दस्तावेजों में अड़चन आ सकती है। सही तरीका यह है कि या तो चालान का भुगतान करें, या फिर उचित तरीके से अपनी बात रखें।

निष्कर्ष : **Online Challan** सुविधा के लिए है, परेशानी के लिए नहीं। थोड़ी सावधानी और सही जानकारी से न केवल अनावश्यक डर से बचा जा सकता है, बल्कि अपने अधिकारों की भी रक्षा की जा सकती है। जागरूक नागरिक वही है जो तकनीक का इस्तेमाल समझदारी और ज़िम्मेदारी के साथ करता है।

# सामाजिक सेवा का महाकुंभ बनेगा 243 घंटे का अखंड महायज्ञ : महंत प्रवीण

## सेवादारों ने लिया अखंड महायज्ञ में सेवा करने का संकल्प



लुधियाना, यूटर्न, 04 जनवरी। मां बगलामुखी धाम में 11 फरवरी से 21 फरवरी, 2026 तक आयोजित होने वाले 243 घंटे के अखंड महायज्ञ की तैयारियों संबधी बैठक आयोजित हुई। स्थानीय पक्खोवाल रोड स्थित धाम परिसर में महंत प्रवीण  जी के सान्धिय में आयोजित बैठक में सैंकड़ो स्वयं सेवक शामिल हुए। सेवादारों ने तन-मन-धन से 243 घंटे के अखंड महायज्ञ में 24 घंटों सेवा करने का संकल्प किया। जानकारी देते हुए महंत प्रवीण जी ने कहा कि आखंड महायज्ञ सनातन धर्म के प्रचार प्रसार के साथ साथ सामाजिक सेवा का भी महाकुभ बनेगा। मां बगलामुखी के भक्त आखंड महायज्ञ में आहूतियां डालने के साथ साथ सबसे बड़ा पुण्यदान खूनदान करके मानवता के प्रति भी अपना दायित्व निभाएगे। आखंड महायज्ञ में देश-भर से संत समाज शामिल होकर आशीर्वाद देगा। धाम के प्रमुख सेवादार मनप्रीत छतवाल ने कहा कि देश भर से भक्त मां बगलामुखी धाम पधार कर आखंड महायज्ञ के सेवाधिकार प्राप्त कर रहे है। मां पितांबरा जी की पूजा आराधना के लिए धाम सेवक तन,मन व सेवा दे रहे है।

उन्होने बताया कि अखंड महायज्ञ के दौरान देश भर के प्रसिद्ध भजन गायक मां बगलामुखी का गुणगान करेगें। उन्होने कहा कि स्कूली बच्चे भी अखंड महायज्ञ में आहूतियां डालकर मां बगलामुखी का आशीर्वाद प्राप्त करेगें।

# धार्मिक स्थलों पर जाने के लिए बसें रवाना - सुखबीर सिंह मैसरखाना



बठिंडा/यूटर्न/4 जनवरी। मुख्यमंत्री पंजाब भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली राज्य सरकार की मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा स्कीम के तहत, पवित्र शहर अमृतसर में धार्मिक स्थलों पर जाने के लिए श्रद्धालुओं को ले जाने वाली बसों के एक जत्थे को विधायक मौर सुखबीर सिंह मैसरखाना ने गांव गिल कलां के जवाहर नगर बूथ नंबर 13 से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इसी तरह, विधानसभा हलका भुच्चो मंडी के गांव दान सिंह वाला के बूथ नंबर 6 से, विधानसभा हलका बठिंडा ग्रामीण के गांव बुर्ज महिमा के बूथ नंबर 8 से, विधानसभा हलका तलवंडी साबो के गांव पक्का कलां से और विधानसभा हलका रामपुरा के गांव हाकम सिंह वाला से बसों को रवाना किया गया। इस दौरान, विधायक सुखबीर सिंह मैसरखाना ने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत मान के नेतृत्व में राज्य सरकार ने पवित्र स्थानों की तीर्थ यात्रा को आसान बनाकर पंजाबियों के बीच सामाजिक और धार्मिक सद्भाव को मजबूत करने के लिए एक खास पहल की है। उन्होंने यह भी कहा कि यह स्कीम सभी जातियों, धर्मों, सामान्य वर्गों के लोगों के लिए खुली है, जो सरकार की बहुत ही सराहनीय पहल है।

Uturn Time 05 Jan 2026_Page 1-4.qxd 04-01-2026 22:19 Page 7



# पंजाब में बेअदबी पर बनेगा सख्त कानून, आखिरी सांस तक जेल, न राजीनामा होगा, न बेल मिलेगी

पंजाब/यूटर्न/4 जनवरी। पंजाब में धार्मिक ग्रंथों की बेअदबी के लिए जल्द सख्त कानून बनेगा। इसको लेकर बनाई विधानसभा कमेटी जल्द अपनी रिपोर्ट पेश करेगी। यह जानकारी आम आदमी पार्टी (आप) के जॉइंट सेक्रेटरी बलतेज पन्नू ने दी। पन्नू ने ये भी कहा कि यह कानून सभी धर्मों के पवित्र ग्रंथों की बेअदबी पर लागू होगा। इस कानून के तहत बेअदबी के दोषी को आजीवन उम्रकैद और बेअदबी की कोशिश करने पर 3 से 5 साल तक कैद का प्रावधान किया गया है। यही नहीं, कानून इतना सख्त है कि इसमें न तो आरोपी को जमानत मिलेगी और न ही आपस में राजीनामा किया जा सकेगा। इस कानून का बिल 15 जुलाई को विधानसभा में पेश हुआ था। जिसके बाद इसे कमेटी के पास भेजा गया था। आप का ये बयान श्री अकाल तख्त साहिब के जत्थेदार कुलदीप सिंह गड़गज के सरकार को बेअदबी करने वालों पर सख्त कानून बनाने के लिए कहने के बाद आया है। आप नेता पन्नू ने कहा कि अकाल तख्त जत्थेदार का आदेश सिर-मत्थे है।



## अकाल तख्त जत्थेदार का सुझाव कबूल है

पन्नू ने कहा कि, जत्थेदार अकाल तख्त साहिब ने कल बयान दिया था कि पंजाब सरकार बेअदबी पर सख्त कानून बनाए, ताकि आगे से कोई बेअदबी करने की कोशिश न कर पाए। उन्होंने कहा कि आपका सुझाव मान्य है। सरकार बेअदबी पर सख्त कानून बनाने के लिए एक प्रस्ताव लेकर आई थी। इस मामले में विधानसभा की एक कमेटी बनाई गई है।

## किसी भी धर्म का ग्रंथ हो, सबको लेकर लागू होगा

पन्नू ने आगे कहा- कमेटी ने अलग-अलग धर्मों के लोगों से बहुत सारी मीटिंग की हैं। लोगों से सभी सुझाव लिए गए हैं। यह कमेटी अपनी रिपोर्ट जल्द ही पेश करेगी और विधानसभा में बेअदबी पर सख्त कानून बनाया जाएगा। धर्मग्रंथ किसी भी धर्म का हो, उसकी बेअदबी पर सख्त कार्रवाई होगी। सरकार सख्त कानून बनाने की कार्रवाई जल्द ही पूरा करेगी। यह राज्य का कानून होगा।

# सेंट्रल जेल में कैदियों और बंदियों के लिए मेडिकल कैंप लगाया गया



सोनू टुटेजा

बठिंडा/यूटर्न/4 जनवरी। मेंबर सेक्रेटरी पंजाब स्टेट लीगल सर्विसेज अथॉरिटी, मोहाली के निदेर्शों के अनुसार, पंजाब में 6 जनवरी, 2026 तक यूथ अगेंस्ट ड्रग्स कैंपेन शुरू किया गया है, जिसके तहत रविवार डिस्ट्रिक्ट एंड सेशंस जज, बठिंडा करुणेश कुमार और माननीय सेक्रेटरी, डिस्ट्रिक्ट लीगल सर्विसेज अथॉरिटी, बठिंडा बलजिंदर कौर मान के निदेर्शों पर सेंट्रल जेल बठिंडा में कैदियों और बंदियों के लिए मेडिकल कैंप लगाया गया। डिस्ट्रिक्ट एंड सेशंस जज और सेक्रेटरी डिस्ट्रिक्ट लीगल सर्विसेज अथॉरिटी ने भी इस मेडिकल कैंप का दौरा किया और जजों ने कैदियों और बंदियों से मुलाकात की और उन्हें ड्रग्स से दूर रहने के लिए हिम्मत दी। इसके अलावा, वकीलों ने सेंट्रल जेल बठिंडा और महिला जेल बठिंडा में कैदियों और दोषियों को ड्रग्स से दूर रहने के लिए सेमिनार भी लगाए। इसके अलावा, डिस्ट्रिक्ट लीगल सर्विसेज अथॉरिटी और पैनल वकीलों की मदद से जिले के अलग-अलग गांवों, स्कूलों, शहरों और कॉलेजों में सेमिनार, रैली और स्किट ऑर्गनाइज कर रही है। इन प्रोग्राम के अलावा, स्टूडेंट्स को अवेयर करने के लिए स्कूलों में सेमिनार, क्विज कॉम्पिटिशन, पेंटिंग कॉम्पिटिशन, डेक्लेमेशन कॉम्पिटिशन वगैरह भी ऑर्गनाइज किए जा रहे हैं, जिसका मकसद स्टूडेंट्स को ड्रग्स न लेने के लिए अवेयर करना है। इस कैंपेन का मेन मकसद लोगों को ड्रग्स न लेने के लिए अवेयर करना है ताकि लोग ड्रग्स छोड़कर अपनी ज़िंदगी को सही रास्ता दे सकें। डिस्ट्रिक्ट लीगल सर्विसेज ने आम लोगों से अपील की कि वे इन प्रोग्राम में ज्यादा से ज्यादा हिस्सा लें ताकि पंजाब को ड्रग-फ्री बनाया जा सके।

# ऑल पंजाब आंगनवाड़ी वर्कर्स यूनियन ने 2026 का कैलेंडर जारी किया

सोनू टुटेजा

बठिंडा/यूटर्न/4 जनवरी। वीरवार को ऑल पंजाब आंगनवाड़ी वर्कर्स यूनियन की मीटिंग हरगोबिंद कौर की अध्यक्षता में हुई। इस दौरान नए साल 2026 के लिए ऑर्गनाइजेशन का कैलेंडर जारी किया। इस दौरान हरगोबिंद कौर ने कहा कि ऑर्गनाइजेशन जनवरी और फरवरी महीने में मेंबरशिप कैंपेन चलाएगी और उसके बाद ऑर्गनाइजेशन के अगले एक्शन का ऐलान किया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि पंजाब सरकार आंगनवाड़ी वर्कर्स और हेल्पर्स को उनके हक देने में नाकाम रही है। आंगनवाड़ी सेंटर्स से आने वाले बच्चों को परमानेंटली स्कूलों में डाल दिया है, जिन्हें पिछली कांग्रेस सरकार ने आंगनवाड़ियों से उठाकर सरकारी प्राइमरी स्कूलों में एडमिशन दिलाया था, लेकिन उन्हें आज तक वापस नहीं भेजा गया। इसी तरह, आंगनवाड़ी सेंटर्स में आने वाले राशन में भी घोटाला हो रहा है। इस मीटिंग में शिंदरपाल कौर थांदेवाला, गुरमीत कौर गोनियाना, बलवीर कौर मानसा, गुरमीत कौर डबरीखाना, रेशमा रानी फाजिल्का, कुलजीत कौर गुरुहरसाय, प्रकाश कौर ममदोट, परमजीत कौर रुलदूवाला, किरणजीत कौर मलोट, जसविंदर कौर डोडा, गगनदीप मलान, इंदरजीत कौर खुइयां सरवर, इकबाल कौर बधानी, जसविंदर कौर हरिनो, रविंदर कौर कोटकपूरा, बलवीर कौर सिंगो, अमृतपाल कौर बल्लूआना, रेखा रानी गोनियाना कलां, सनैना गोनियाना, मंडी लीलावंती बठिंडा, बलविंदर कौर मानसा, सुरिंदर कौर जोरकियां, जसवीर कौर बरनाला, किरपाल कौर रामपुरा, कुलदीप कौर भगता, जसपाल कौर फूल, मनमीत कौर नथाना, सरनजीत कौर फरीदकोट, हरदीप कौर मौर, और सुरिंदर कौर मालेरकोटला मौजूद थे।






# भाजपा को जमीनी स्तर पर और सशक्त बनाने के उद्देश्य से नई कार्यकारिणी घोषित



सोनू टुटेजा

बठिंडा/यूटर्न/4 जनवरी। भाजपा को और मजबूती देते हुए जिला भाजपा बठिंडा के प्रधान सरूपचंद सिंगला की ओर से अपनी नई जिला कार्यकारिणी 2026-27 की घोषणा की गई।

यह घोषणा भाजपा के पंजाब महासचिव दयाल दास सोढ़ी की देखरेख में की गई। घोषित की गई कार्यकारिणी में उप प्रधान के रूप में वीरेंद्र शर्मा, जितेंद्र अरोड़ा, एडवोकेट रीतू आनंद, प्रितपाल सिंह काका और बलजिंदर सिंह कौटशमीर को जिम्मेदारी सौंपी गई। महासचिव पद पर उमेश शर्मा, गुरजीत मान और जितेंद्र शर्मा गोगी को नियुक्त किया गया है।

सचिव के रूप में सरोज रानी, विनोद कुमार हैप्पी, दीपक कलोई, पवन कुमार काल झरानी और बूटा सिंह खालसा को शामिल किया गया है। कार्यालय सचिव राजेश बांसल, कैशियर राकेश बांसल, युवा मोर्चा के प्रधान गौरव निधानियां, एससी मोर्चा के बलदेव सिंह आकलिया, आईटी सेल के दिनेश कुमार, कमल सुनेहा कन्वीनर पवन यादव, मन की बात कन्वीनर डॉक्टर प्रवीण तथा किसान मोर्चा का इंचार्ज जगसीर सिंह को बनाया गया है। इस मौके पर जिला भाजपा प्रधान सरूपचंद सिंगला ने कहा कि नई जिला कार्यकारिणी का गठन संगठन को बूथ स्तर तक और मजबूत करने के उद्देश्य से किया गया है।

Uturn Time 05 Jan 2026_Page 1-4.qxd 04-01-2026 22:19 Page 8



# उत्तर कोरिया ने समुद्र की ओर बैलिस्टिक मिसाइल लॉन्च की, जापान हाई अलर्ट पर

चंडीगढ़/यूटर्न/4 जनवरी। उत्तर कोरिया द्वारा कथित तौर पर बैलिस्टिक मिसाइल लॉन्च करने के बाद शनिवार को जापान ने इमरजेंसी अलर्ट जारी किया, जिससे क्षेत्रीय तनाव बढ़ गया और पूरे पूर्वी एशिया में सुरक्षा चिंताएं फिर से बढ़ गई। एक्स पर पोस्ट किए गए एक बयान में, जापान के प्रधानमंत्री कार्यालय ने पुष्टि की कि लॉन्च का पता दिन में पहले ही चल गया था और अधिकारी स्थिति का आकलन करना जारी रखे हुए हैं। पोस्ट में कहा गया है, ₹उत्तर कोरिया ने एक संदिग्ध बैलिस्टिक मिसाइल लॉन्च की है। और अपडेट जल्द ही आएंगे,₹ हालांकि इसमें मिसाइल के रास्ते, रेंज, या यह जापान के विशेष आर्थिक क्षेत्र में गिरी या नहीं, इसका तुरंत विवरण नहीं दिया गया।



## राजनयिक पृष्ठभूमि से दांव ऊंचे हो गए

मिसाइल लॉन्च एक संवेदनशील राजनयिक क्षण में हुए हैं, जब दक्षिण कोरियाई राष्ट्रपति ली जे म्युंग रविवार को चीन की राजकीय यात्रा शुरू करने वाले हैं। सियोल ने संकेत दिया है कि कोरियाई प्रायद्वीप पर शांति और स्थिरता चर्चाओं में प्रमुखता से शामिल होगी। चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग इस यात्रा के दौरान ली की मेजबानी करने वाले हैं। ली के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार वाई सुंग-लैक ने कहा कि दक्षिण कोरिया को उम्मीद है कि बीजिंग प्रायद्वीप पर शांति को बढ़ावा देने में रचनात्मक भूमिका निभाएगा, हालांकि उन्होंने विशिष्ट एजेंडा मदों पर विस्तार से नहीं बताया।

## प्योंगयांग से कई लॉन्च का पता चला

दक्षिण कोरिया की सेना ने कहा कि उत्तर कोरिया ने रविवार को स्थानीय समय के अनुसार सुबह लगभग 7 :50 बजे अपनी राजधानी प्योंगयांग के पास से अपनी पूर्वी तट के पानी की ओर कई बैलिस्टिक मिसाइलें दागीं। ज्वाइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ ने एक बयान में कहा, ₹हमारी सेना ने आगे के लॉन्च की तैयारी में निगरानी और सतर्कता बढ़ा दी है,₹ यह भी बताया कि जानकारी संयुक्त राज्य अमेरिका और जापान के साथ साझा की जा रही है। यह लॉन्च लगभग दो महीनों में उत्तर कोरिया का पहला बैलिस्टिक मिसाइल परीक्षण था, इस तरह की आखिरी गतिविधि नवंबर में रिपोर्ट की गई थी।

## किम जोंग उन ने हथियारों के विस्तार का संकेत दिया

राज्य मीडिया के अनुसार, ये लॉन्च उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग उन द्वारा किए गए कई हाई-प्रोफाइल निरीक्षणों के बाद हुए हैं, जिन्होंने शनिवार को एक गोला-बारूद कारखाने का दौरा किया और सामरिक निर्देशित हथियारों की उत्पादन क्षमता को दोगुना से अधिक करने का आह्वान किया। हाल के हफ़्तों में, किम ने हथियारों की मैन्युफैक्चरिंग फैसिलिटी का दौरा किया है, एक न्यूक्लियर-पावर्ड सबमरीन का इंस्पेक्शन किया है, और वर्कर्स पार्टी की इस साल की नौवीं पार्टी कांग्रेस से पहले मिसाइल टेस्ट की देखरेख की है, जहाँ बड़ी पॉलिसी प्राथमिकताओं की रूपरेखा बताए जाने की उम्मीद है।

# पटियाला में सीएम सैनी ने पंजाब सरकार को घेरा, बोले- 4 साल में महिलाओं को हजार रुपए नहीं मिले, नशा बढ़ गया

पटियाला/यूटर्न/4 जनवरी। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी आज पटियाला के घनौर हलके में पहुंचे। इस दौरान उन्होंने भाजपा के एक कार्यक्रम में शिरकत की। इस मौके उन्होंने नशे से लेकर महिलाओं को एक हजार रुपए देने के वादे पर आम आदमी पार्टी (आप) को घेरा। सैनी ने कहा कि आम आदमी पार्टी ने हमारी महिलाओं-बहन से वादा किया था कि हम आएंगे तो एक हजार रुपए महिलाओं को देंगे। चार साल निकल गए। हमारी बहन और भाई बैठे हैं। मिले गए क्या। मैंने भी वादा किया था कि जब हमारी सरकार बनेगी तो 2100 रुपए बहनों को दूंगा। मेरा विधानसभा में पहला बजट था। पहले बजट में ही पांच हजार करोड़ रुपए रिजर्व कर दिए गए। मुझे खुशी है बताते



हुए कि हरियाणा में 2100 रुपए उनके खाते में पहुंचाने का काम किया जा रहा है। इस मौके जब मीडिया ने उनसे बाबा रहीम को पैरोल देने संबंधी सवाल किया गया तो उनका जवाब था कि यह कोर्ट का मामला है। उन्हें इस बारे में कोई जानकारी नहीं है।

## *मनरेगा का नाम बदलने से कांग्रेस को लाभ नहीं*

*इस दौरान जब मीडिया ने उनसे सवाल किया कि मनरेगा की नई नीति का कांग्रेस सरकार विरोध कर रही है। दलील दी जा रही है कि लोगों के हक मारे जाएंगे। वहीं नाम पर भी एतराज है कि अगर स्कीम में घोटाला होगा तो भगवान का नाम लेने से बेअदबी होगी। इस पर नायब सैनी का जवाब था कि मनरेगा का नाम विकसित भारत जी राम जी है।*

# अमृतसर के नायब सूबेदार जम्मू-कश्मीर में शहीद, अनंतनाग में तैनात थे, 2 बच्चों के पिता

अमृतसर/यूटर्न/4 जनवरी। अमृतसर जिले के रामदास के रहने वाले नायब सूबेदार प्रगट सिंह (31) जम्मू-कश्मीर में शहीद हो गए। शहीद का पार्थिव शरीर रविवार दोपहर बाद हवाई मार्ग से श्री गुरु रामदास जी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा राजासांसी पहुंचा। इसके बाद यहां से पार्थिव शरीर को उनके पैतृक गांव रामदास ले जाया गया। शहीद का अंतिम संस्कार कल पूरे सैन्य सम्मान के साथ किया जाएगा। प्रगट सिंह 19 राष्ट्रीय राइफल्स में तैनात थे। वे 2015 को भारतीय सेना में भर्ती हुए थे। प्रगट सिंह शहीद कैसे हुए, इसकी जानकारी अभी सामने नहीं आई है। ना ही परिवार और ना ही सेना की ओर से इस बारे में कोई जानकारी दी गई। उधर, प्रगट सिंह की शहादत पर सीएम भगवंत मान ने भी दुख जताया है। सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर पोस्ट में लिखा- देश के लिए प्रगट सिंह के साहस और जज्बे को दिल से सलाम। वे शहीद जवान के परिवार के प्रति



गहरी संवेदना व्यक्त करते हैं। इस कठिन समय में पंजाब सरकार परिवार के साथ खड़ी है। परिवार को हर संभव सहायता प्रदान की जाएगी।

## जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग में तैनात थे

जानकारी के अनुसार, नायब सूबेदार प्रगट सिंह ने 23 दिसंबर 2015 को भारतीय सेना में भर्ती होकर देश सेवा का संकल्प लिया था। बीते करीब नौ वर्षों से वे लगातार चुनौतीपूर्ण इलाकों में तैनात रहकर देश की सुरक्षा में अपना योगदान दे रहे थे। वर्तमान में उनकी पोस्टिंग जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग जिले में थी। भारतीय सेना की 19 राष्ट्रीय राइफल्स यूनिट में सेवाएं दे रहे थे। प्रगट सिंह की शहादत की खबर मिलते ही उनके पैतृक गांव रामदास सहित पूरे इलाके में शोक की लहर दौड़ गई।

# जीरकपुर में सड़क सुरक्षा महीना का शुभारंभ

## 01से 31जनवरी तक चलेगा जागरूकता अभियान



जीरकपुर, यूटर्न, 04 जनवरी। सड़क हादसों पर अंकुश लगाने और लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से जीरकपुर में गुरुवार को सड़क सुरक्षा महीना का शुभारंभ किया गया। यह विशेष अभियान 1 जनवरी 2026 से 31 जनवरी 2026 तक चलेगा, जिसके तहत पूरे शहर में विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। अभियान का संचालन ट्रैफिक पुलिस जीरकपुर द्वारा किया जा रहा है।

इस मौके पर ट्रैफिक पुलिस जीरकपुर के प्रभारी इंस्पेक्टर मनफूल सिंह, एएसआई जितेंद्र सिंह, सोहनलाल और कृष्ण कुमार सहित अन्य पुलिस अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान शहर के ऑटो चालकों, दोपहिया और चारपहिया वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा नियमों की विस्तृत जानकारी दी गई। खासतौर पर तेज गति से वाहन न चलाने, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का इस्तेमाल न करने, हेलमेट व सीट बेल्ट अनिवार्य रूप से लगाने और नशे की हालत में वाहन न चलाने पर जोर दिया गया।

ट्रैफिक प्रभारी इंस्पेक्टर मनफूल सिंह ने कहा, सड़क दुर्घटनाओं का सबसे बड़ा कारण यातायात नियमों की अनदेखी है। थोड़ी-सी लापरवाही न केवल चालक, बल्कि अन्य राहगीरों की जान भी खतरे में डाल देती है। यदि हर व्यक्ति नियमों का पालन करे तो सड़क हादसों में काफी कमी लाई जा सकती है। एएसआई जितेंद्र सिंह ने कहा, आज के समय में मोबाइल फोन वाहन चालकों के लिए सबसे बड़ा खतरा बन चुका है। वाहन चलाते समय फोन का प्रयोग दुर्घटनाओं को न्योता देता है। लोगों को इसे आदत से बाहर करना होगा। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि सड़क सुरक्षा महीना के दौरान स्कूलों, कॉलेजों, बाजारों और व्यस्त चौराहों पर जागरूकता शिविर, पोस्टर अभियान और संवाद कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसके अलावा ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्ती भी की जाएगी। कार्यक्रम के अंत में अधिकारियों ने आमजन से अपील की कि वे स्वयं भी यातायात नियमों का पालन करें और अपने परिवार, मित्रों व सहकर्मियों को भी इसके लिए प्रेरित करें, ताकि सड़कें सुरक्षित बन सकें और कीमती जिंदगियों को बचाया जा सके।

**सड़क सुरक्षा के प्रमुख नियम...**निर्धारित गति सीमा में ही वाहन चलाएं वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न करें दोपहिया वाहन पर हेलमेट और कार में सीट बेल्ट अनिवार्य रूप से लगाएं नशे की हालत में वाहन न चलाएं क्षमता से अधिक सवारियां न बैठाएं सड़क सुरक्षा, जीवन सुरक्षा — इसी संदेश के साथ जीरकपुर में यह अभियान पूरे महीने चलेगा।

# डेराबस्सी में दसवें पातशाह श्री गुरु गोबिंद सिंह जी का 359वां प्रकाश पर्व श्रद्धा व भक्ति से मनाया



डेराबस्सी, यूटर्न, 04 जनवरी। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी डेराबस्सी में दसवें पातशाह श्री गुरु गोबिंद सिंह जी का 359वां प्रकाश पर्व श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर सुखमनी सेवा सोसायटी तथा समस्त जीबीपी कॉलोनियों, डेराबस्सी की संगतों ने मिलकर भव्य धार्मिक आयोजन किया। सुबह धार्मिक कार्यक्रमों की शुरूआत सुखमनी सेवा सोसायटी की बीबियों के जत्थे द्वारा श्री सुखमनी साहिब जी के पाठ से हुई। पाठ के दौरान पूरा वातावरण गुरबाणीमय हो गया और संगत ने श्रद्धा भाव से गुरु वाणी का श्रवण किया। इसके उपरांत ज्ञानी अमरीक सिंह जी (बैंगलोर वाले) ने संगत को संबोधित करते हुए दसवें पातशाह श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के महान जीवन, उनकी अद्वितीय कुर्बानियों, धर्म की रक्षा तथा मानवता के लिए दिए गए अमूल्य योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने गुरु साहिब के उपदेशों को जीवन में अपनाने की प्रेरणा देते हुए संगत से सत्य, सहनशीलता और सेवा के मार्ग पर चलने का आह्वान किया। बाद में भाई सुखजीत सिंह जी (गुरुद्वारा बावली साहिब) द्वारा भावपूर्ण गुरबाणी कीर्तन प्रस्तुत किया गया। कीर्तन के दौरान संगत द्वारा किए गए वाहेगुरु के जाप से समूचा परिसर गूंज उठा और श्रद्धालु निहाल हो उठे।

Owner, Publisher, Printer: - Komal Sharma, Printed by DB Corp LTD VPO Hamira, Distt Kapurthala-144601 (PB), Published by: House No 68, New Sarabha Nagar, VPO Daad, Ludhiana (PB) - 142022, Editor: Sandeep Sharma
* तमाम प्रकाशित सामग्री के चयन व संपादन हेतु आरबीएक्ट के तहत जिम्मेवार।
Contact - +91 9814295372